संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 05 अक्टूबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 275 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है।



# कुट्टू के आटे की पूरी खाने से 17 लोग हुए बीमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** नवरात्र के पहले दिन नंदग्राम में कुट्टू के आटे की पूरी खाने से एक ही परिवार के आठ सदस्यों समेत 17 लोग बीमार हो गए हैं। कुछ लोगों को मरियम तो कुछ को जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बृहस्पतिवार देर शाम को व्रत खोलने के वक्त अनार सिंह के परिवार के सभी सदस्यों ने कुट्टू के आटे की बनी हुई पूरी खाई। पूरी खाने के तीन घंटे बाद सभी के पेट में दर्द होने लगा। उल्टी होने के बाद चक्कर आने लगे। पड़ोस के लोगों ने सभी सदस्यों को रात्रि में ही जिला एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। सीएमएस डॉक्टर राकेश कुमार सिंह का कहना है कि सभी मरीजों को उल्टी हो रही थी और चक्कर भी आ रहे थे। ईएमओ डाक्टर राजीव वर्मा ने सभी बीमार लोगों का प्राथमिक उपचार किया। एक घंटे बाद हालत में सुधार होने के बाद सभी की अस्पताल से छुट्टी भी कर दी गई। शुक्रवार को बीमार लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस के अलावा खाद्य सुरक्षा विभाग को कर दी। बीमार लोगों का आरोप है कि आटे में मिलावट होने की पूरी आशंका है। इससे पहले भी जिले में कुट्टू के आटे की बनी पकोड़ी और पूरी खाने से कई लोग बीमार हो चुके हैं। मुरादनगर में पिछले वर्ष एक्सपायरी डेट का कुट्टू का आटा जब्त किया गया था। लिए गए सैंपल भी जांच में फेल पाए गए थे।

**चिकित्सक की परामर्श :** आटा पुराना नहीं होना चाहिए। फफूंदी नहीं लगी होनी चाहिए। कच्चा नहीं होना चाहिए। एक बार में कुट्टू के आटे की बनी खाद्य सामग्री कम सेवन करनी चाहिए। पानी का अधिक सेवन करना चाहिए। खाते ही कतई नहीं सोना चाहिए।


**NORTHERN RAILWAY**
**OPEN E-TENDER NOTICE**

The Divisional Engineer-IV, Northern Railway, Delhi Division for and on behalf of President of India invites E-Tender on prescribed form for the following work.

**Invitation of tender through E-Tendering (E-Procurement Systems)**

| | |
|---|---|
| 1 | **Name of work with its location: 1.** TRR (P) 36.33 KM on DLI-BTI section under DEN-IV (NIT 72-W-IV-24-25) |
| 2 | **Approx. cost of work : (1)** Rs. 5,90,11,050.18 |
| 3 | **Earnest money : (1)** Rs. 4,45,100.00 |
| 4 | **Date and Time of submission of tender and opening of tender :** Bidding Start date for work no. Up to 15:00 hrs. on 14.10.2024 opening of e-Tender at 15:00 hrs. on 28.10.2024 |
| 5 | **Website particulars, published e-tender, notice location etc. complete details of tender can be seen and website where the tender form can be downloaded :** Above tender available on IREPS site i.e. **www.ireps.gov.in** |

**No.: 128-W/260/Tender Notice/72-W-IV/24-25 Date: 04.10.2024** **3060/2024**

SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE


## निजी सुरक्षा एजेंसी के प्रबंधक को हनीट्रैप में फंसाकर दस लाख की रंगदारी मांगी गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**मोदीनगर (गाजियाबाद):** मेरठ की निजी सुरक्षा एजेंसी के प्रबंधक को हनीट्रैप में फंसाकर दस लाख की रंगदारी मांगी गई। महिला के साथ अश्लील फोटो क्लिक किये। तीन आरोपित खुद को सीबीआई व एसओजी से बताते हुए कमरे में दाखिल हुए और पीड़ित को बंधक बना लिया। इसके बाद तीन घंटे तक कार में बंधक बनाकर उन्हें बुरी तरह पीटा। 45 हजार नकद लूट लिए। दस लाख नहीं देने पर फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने महिला समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दो अभी फरार हैं। उनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. अमरजीत कौर पत्नी जसवंत सिंह 2. जसवंत सिंह पुत्र मेवा सिंह दोनों निवासी म.नं. 187ए, गली नं. 1, जीवन नगर, जंगपुरा, आश्रम, दिल्ली** ने case **FIR No. 1001/2015 U/s 323/354/354B/34 IPC, थाना मण्डावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया हैं (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. अमरजीत कौर 2. जसवंत सिंह** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. अमरजीत कौर 2. जसवंत सिंह** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 1001/2015 U/s 323/354/354B/34 IPC, थाना मण्डावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. अमरजीत कौर 2. जसवंत सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 06.11.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शहजादी हलीमा सादिया
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
कमरा नं. 24, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/13241/ED/2024(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अयुब उर्फ बादशाह पुत्र अनवर निवासी गली नं. 3, वेस्ट गोरख पार्क, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 600/2019 अन्तर्गत धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अयुब उर्फ बादशाह** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अयुब उर्फ बादशाह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 600/2019 अन्तर्गत धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अयुब उर्फ बादशाह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.11.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**दीपाक्षी राणा**
महानगर दण्डाधिकारी–03
कमरा नं. 19, उत्तर–पूर्व जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/13215/NE/2024**
**(Court Matter)**



**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि–2024**

आगामी त्यौहारों के सीजन में रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्वघोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन भी निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगा:-

**02262/02261 नई दिल्ली - दरभंगा जं. - नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 28 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 02262 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 02261 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 00:20 | नई दिल्ली | 20:15 | ---- |
| 21:15 | ---- | दरभंगा जं. | ---- | 23:20 |

**चलने के दिन: 02262 नई दिल्ली** से एवं **02261 दरभंगा जं.** से प्रत्येक बुधवार, रविवार को दिनांक 13.10.2024 से 27.11.2024 तक।
**ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं., दानापुर, पाटलिपुत्र जं., हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर एवं शयनयान।

**09067/09068 उधना जं. - बरौनी जं. - उधना जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 09067 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 09068 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 05:30 | उधना जं. | 14:30 | ---- |
| 11:10 | 11:20 | वाराणसी जं. | 10:40 | 10:50 |
| 22:15 | ---- | बरौनी जं. | ---- | 23:45 |

**चलने के दिन: 09067 उधना जं.** से प्रत्येक वीरवार दिनांक 10.10.2024 से 28.11.2024 तक एवं **09068 बरौनी जं.** से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 11.10.2024 से 29.11.2024 तक।
**ठहराव:** सूरत, भरुच जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., नागदा जं., उज्जैन जं., मक्सी जं., शाजापुर, ब्यावरा राजगढ़, रुठियाई जं., गुना जं., शिवपुरी, ग्वालियर जं., सोनी, भिण्ड, इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
www.nr.indianrailways.gov.in
3064/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## चीन से अपना कारोबार समेटकर नोएडा पहुंची जर्मन कंपनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** कोविड के दौरान चीन से कारोबार समेट कर भारत पहुंची जर्मन कंपनी वान व्लैक्स आगरा के बाद यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में निर्माण इकाई स्थापित कर रही है। सेक्टर 21 में शुक्रवार को इसका शिलान्यास हुआ। कंपनी तीन सौ करोड़ रुपये का निवेश करेगी। फैक्ट्री में सालाना चालीस लाख फुटवियर का निर्माण होगा। दुनिया के अस्सी देशों को निर्यात के अलावा भारतीय बाजार में बेचा जाएगा। कंपनी की दो इकाई आगरा में हैं। इसमें सालाना 25 लाख फुटवेयर का निर्माण हो रहा है। जर्मनी का यह यीडा क्षेत्र में पहला निवेश है।

**यीडा क्षेत्र में लगेगी फुटवियर सहायक उद्योग**
वान व्लेक्स जर्मनी समूह के भारत में सीईओ आशीष जैन ने बताया कि जर्मन और भारतीय कंपनी के बीच प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, अनुसंधान और विकास, विपणन और उत्पादन के क्षेत्र में सहयोग होगा। उन्होंने यीडा क्षेत्र में फुटवियर सहायक उद्योग भी स्थापित करने की घोषणा की। इसमें आउटसोल, इनसोल, इंटरलाइनिंग्स और अन्य गैर-चमड़ा कच्चे माल का उत्पादन भी किया जाएगा। 10,000 लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद चीन से भारत में आई सबसे बड़ी फुटवियर परियोजनाओं में है।

**मेक इन इंडिया अभियान को देखते हुए निवेश**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को व्यापार और उद्योग का प्रमुख केंद्र बनाने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मेक इन इंडिया अभियान को देखते हुए यह निवेश किया गया है। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि स्थापित इकाई से क्षेत्र में रोजगार सृजन होगा, क्षेत्र में समृद्धि आएगी। यीडा सीईओ अरुण वीर सिंह ने कहा कि यीडा क्षेत्र में फुटवियर उद्योग से विकास का नया अध्याय शुरू हुआ है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **चार्ल्स चुकुडी, पुत्रः** चुकुडी बैंजमिन, **पताः** मकान नं. आर जैड–3196/36, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नई दिल्ली ने **FIR No. 174/2021, U/s 14 Foreigner Act, Date: 03/04/2021,** थानाः गोविन्द पुरी,, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चार्ल्स चुकुडी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चार्ल्स चुकुडी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 174/2021, U/s 14 Foreigner Act,** थानाः गोविन्द पुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **चार्ल्स चुकुडी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.11.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिवांशी जनमेजा
जेएमएफसी, जिला दक्षिण–पूर्व
कोर्ट नं. 18, साकेत कोर्ट काम्प्लैक्स, दिल्ली

**DP/13249/SE/2024**
**(Court Matter)**



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली दवारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | 1. | सहायक मंडल अभियंता करनाल के तहत एसएसई/ डब्ल्यू/ केकेडीई के अनुभाग में कैकेडीई से एनओवाई तक रेलवे कॉलोनी में मौजूदा दरवाजे, खिड़की, फर्श, छत रास्ते की मरम्मत और प्रतिस्थापन, खराव मौजूदा पाइप लाइन के प्रतिस्थापन और अन्य विविध कार्य। |
| | | 2. | सहायक मंडल अभियंता करनाल के तहत एसएसई/ डब्ल्यू/केकेडीई अनुभाग में केकेडीई में रेलवे कॉलोनी में मौजूदा दरवाजे, खिड़की, फर्श, छत, रास्ते की मरम्मत और प्रतिस्थापन, खराब मौजूदा पाइप लाइन के प्रतिस्थापन और अन्य विविध कार्य। |
| | | 3. | सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के तहत के तहत अनुभाग एसएसई/डब्ल्यू/एसएनपी में विभिन्न स्टेशनों पर स्टेशन भवन और विविध मरम्मत कार्य स्टाफ क्वार्टर की छत के रिसाव से बचने के लिए घिसे–पिटे छत के उपचार, क्षतिग्रस्त सन शेड, अंदर और बाहर के प्लास्टर, बारिश के पानी के पाइप आदि की मरम्मत। |
| | | 4. | सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत एसएसई/डब्ल्यू/केकेडीई अनुभाग में केकेडीई से एनआरडब्ल्यू तक रेलवे कॉलोनी में मौजूदा दरवाजे, खिड़की, फर्श, छत, रास्ते की मरम्मत और प्रतिस्थापन, खराब मौजूदा पाइप लाइन के प्रतिस्थापन और अन्य विविध कार्य। |
| | | 5. | सहायक मंडल अभियंता। करनालू के तहत एसएसई/डब्ल्यू/ केकेडीई के अनुभाग में एलएचएस की डीवाटरिंग, नाबदान कुओं की डीसिल्टिंग, जलमार्गो की सफाई और पुलों और एलएचएस के अन्य कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | | 1 रूपये 9944396.97; 2 रूपये 9944396.97; 3 रूपये 9944396.97; 4 रूपये 9944396.97; 5 रूपये 9916750.85 |
| 3 | धरोहर राशि | | (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोटः – एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई: एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। 'रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31/08/2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। 1 रूपये 198900; 2 रूपये 198900; 3 रूपये 198900; 4 रूपये 198900; 5 रूपये 198300 |
| 4 | समापन अवधि | | 12 महीने सभी काम के लिए |
| 5 | ई निविदा खोलने और प्रस्तुत करने और निविदा के लिए दिनांक और समय | | 25.10.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलना का दिनांक 25.10.2024 को 15.00 बजे। |
| 6 | निविदा की वेब साइट जा सकता है। जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। | | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| 7 | सामान प्रकार के कार्य | | ट्रैक कार्य के अलावा काई भी सिविल कार्य |

नोटः–शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। सं. 128–डब्ल्यू/280/निविदा सूचना/24–25/डब्ल्यू–I (NIT-45-49)

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3061/24



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या. 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/24-25/डब्लू–I (NIT-50) दिनांक: 04.10.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, प्रथम/दिल्ली अनुभाग में बहुउपयोगी वाहनों को किराये पर लेना और पी. वे सामग्री का नेतृत्व करना। 2 वर्ष की अवधि के लिए। |
| अनुमानित लागत | रु. 19839974.49/– |
| धरोहर राशि | रु. 249200/– (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोट : एफ.डी.आर या डिमांड ड्रापट के रूप में ई.एम.डी स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधि | 24 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 28.10.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 28.10.2024 को 15:00 बजे। |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.Gem.in पर उपलब्ध है। |
| सामान प्रकार के कार्य | कोई इंजीनियरिंग कार्य या परिवहन कार्य |

नोट :– शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। 3070/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## नवरात्र और दशहरा को लेकर नोएडा पुलिस ने जारी किया अलर्ट

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस नवरात्र व दशहरा को लेकर अलर्ट है। जिले के मंदिरों व पंडालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। त्योहार पर किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आए और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न हों। तीनों जोन के सभी थानों में नवरात्र से पूर्व मंदिर प्रबंधन, पीस कमेटी और दुर्गा पूजा समिति पदाधिकारियों संग बैठक होने का सिलसिला जारी है। पुलिस अधिकारियों की ओर से मंदिर और आयोजन समिति के पदाधिकारियों से शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम संपन्न कराने की अपील की गई है। सभी व्यवस्था बेहतर तरीके से करने और स्वयंसेवियों की मदद लेने पर भी जोर दिया गया है। डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने बताया कि साफ निर्देश हैं कि सभी जगहों पर प्रवेश और निकासी द्वार अलग-अलग हो, वालंटियर तैनात रहें, अग्निशमन उपकरण संबंधी मानक पूरे हों। कार्यक्रम की अनुमति होने जैसी बातों का विशेष ध्यान रहे।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल कुमार पुत्रः** गुलाब राय शर्मा **पताः** मकान नंबर 2253 द्वितीय तल, पार्क रानी बाग दिल्ली, 474A, श्री नगर, शकूर पुर दिल्ली,–567 श्री नगर गली नंबर 1 दिल्ली, ने **FIR 18/2014 U/s 494/495/417 IPC थानाः सुभाष प्लेस दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार,** मिल नही रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR 18/2014 U/s 494/495/417 IPC थानाः सुभाष प्लेस दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.11.2024** को या इससे पहल हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या शर्मा
जेएमएफसी–महिला न्यायालय
कक्ष क्रमांक 106
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/13126/NW/2024**
**(Court Matter)**



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **किशोरी लाल पुत्रः** गया प्रसाद **पताः** मकान नंबर जे–132, टीचर कॉलोनी, नांगलोई दिल्ली, ने **FIR No. 587/20 U/s 12/9/55 G. Act थानाः राज पार्क, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किशोरी लाल,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किशोरी लाल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 587/20 U/s 12/9/55 G. Act थानाः राज पार्क, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **किशोरी लाल,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.11.2024** को या इससे पहल हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री एब्बानी अग्रवाल
जेएमएफसी–03 उत्तर–पश्चिम,
कमरा नंबर 107, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट दिल्ली

**DP/13286/OD/2024**
**(Court Matter)**


## कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देने का जितेंद्र मलिक ने किया खंडन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** गन्नौर से पूर्व विधायक व सोनीपत से पूर्व सांसद जितेंद्र मलिक ने विधानसभा चुनाव से पहले दिन शाम को एक न्यूज चैनल व सोशल मीडिया पर कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप शर्मा को समर्थन देने की न्यूज का खंडन किया है। पूर्व सांसद जितेंद्र मलिक ने कहा कि गन्नौर से कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप शर्मा का उन्होंने कोई समर्थन नहीं किया है।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 275 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# ईरान-इज़रायल के बीच बढ़ते तनाव से भारत भी अलर्ट

● पीएम ने बुलाई उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक, डोभाल और अमित शाह भी बैठक में रहे मौजूद

**गंभीर चर्चा**

**बैठक में इजरायल पर ईरानी हमले के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की गई, घटनाक्रम को बेहद चिंताजनक बताया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की तत्काल बैठक बुलाई। बैठक में पीएम मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने पश्चिम एशिया में उभरते संकट पर गहन चर्चा की।

बैठक में इजरायल पर ईरानी हमले के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की गई। समिति ने पश्चिम एशिया के मौजूदा घटनाक्रम को बेहद चिंताजनक बताया। बैठक में ईंधन समेत अन्य उत्पाद की आपूर्ति में पड़ने वाले असर पर भी विचार-विमर्श किया गया।

भारत ने सभी पक्षों से तुरंत कूटनीति और बातचीत के माध्यम से मुद्दों को सुलझाने की अपील की।

**स्थिति पर भारत की नजर**

न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि संभावना है कि इस संकट की वजह से भारत में कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ेंगी। भारत ने पश्चिम एशिया संकट पर अपनी चिंता व्यक्त की। भारत पश्चिम एशिया की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। **वहीं** खामेनेई जब लोगों को संबोधित कर रहे थे तब वह अपने एक हाथ में राइफल पकड़े हुए थे। एक वीडियो में उन्हें राइफल पकड़े हुए देखा जा सकता है।



## इजरायल से तनाव के बीच ईरान पहुंचे भारतीय युद्धपोत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** इजरायल के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारतीय नौसेना के युद्धपोत ईरान के बंदर अब्बास पहुंच चुके हैं। भारत और ईरान की नौसेनाएं फारस की खाड़ी में संयुक्त अभ्यास में हिस्सा लेंगी। भारतीय युद्धपोतों का ईरानी युद्धपोत जेराह ने बंदर अब्बास बंदरगाह पर स्वागत किया। भारतीय नौसेना ने अपने बेड़े में तीन प्रशिक्षण युद्धपोतों को ईरान भेजा है।

**ये तीन युद्धपोत पहुंचे ईरान:** भारत और ईरान का फोकस समुद्री सहयोग बढ़ाने पर है। भारतीय नौसेना ने जानकारी दी कि नौसेना का बेड़ा ईरान के बंदर अब्बास पहुंच गया है। इस बेड़े में आईएनएस तीर, आईएनएस शार्दुल और आईसीजीएस वीरा शामिल है।बता दें कि इससे पहले इसी साल मार्च में ईरानी प्रशिक्षण फ्लोटिला जहाज बुशहर और टोनब मुंबई पहुंचे थे।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर में देश के सबसे छोटे शतरंज खिलाड़ी कुशाग्र अग्रवाल के साथ शतरंज खेलकर उत्साह वर्धन किया।

## पश्चिम बंगाल: बीजेपी नेता के घर पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में पूर्व सांसद और बीजेपी नेता अर्जुन सिंह पर हमला हुआ है। जगदल के बैरकपुर में बीजेपी नेता के आवास पर शुक्रवार सुबह देसी बमों से हमला किया गया। साथ ही कई राउंड फायरिंग भी की गई। इस हमले में उनकी सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ का एक जवान घायल हो गया।

## बड़े स्तर पर भारतीयों का जीवन स्तर बदलेगा: निर्मला

**संरचनात्मक सुधारों से आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में सबसे तेज वृद्धि होगी: वित्त मंत्री निर्मला**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत अगले पांच साल में अपने प्रति व्यक्ति आय को करीब दोगुना कर लेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने शुक्रवार को राजधानी के ताज पैलेस होटल में आयोजित कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी) के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 साल में सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधारों से आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में सबसे तेज वृद्धि होगी। हाल के दशक में भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक प्रदर्शन पांच वर्षों में उसके 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंचने में साफ नजर आता है। सीतारमण ने कहा कि भारत के बैंकिंग क्षेत्र की सुदृढ़ता और लचीलापन,

**संरचनात्मक**

**संरचनात्मक सुधारों से आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में सबसे तेज वृद्धि होगी**

परिसंपत्ति गुणवत्ता सुधार, खराब ऋणों के लिए बेहतर प्रावधान, निरंतर पूंजी पर्याप्तता और लाभप्रदता में वृद्धि पर निरंतर नीतिगत ध्यान द्वारा समर्थित है। उन्होंने कहा कि एनपीए अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर पर है, बैंकों के पास अब कुशल ऋण वसूली तंत्र हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना कि वित्तीय प्रणाली स्वस्थ बनी रहे और चक्र लंबे समय तक चले, हमारी एक और मुख्य नीतिगत प्राथमिकता है। इस अवसर पर 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं सांसद एनके सिंह भी मौजूद रहे।

## जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 63.88 प्रतिशत मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जम्मू-कश्मीर में संपन्न हुए तीन चरणों के मतदान का प्रतिशत पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 63.88 प्रतिशत रहा। तीसरे चरण में कुल 69.69 प्रतिशत मतदान हुआ। 40 सीटों पर महिलाओं का मत प्रतिशत पुरुषों के मुकाबले अधिक रहा है।
ह
ाल के लोकसभा चुनाव में राज्य में 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ था। जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 90 सीटों के लिए 18 एवं 25 सितंबर और एक अक्टूबर को मतदान हुआ। चुनाव आयोग ने गुरुवार को मतदान के अंतिम आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक तीसरे चरण में 69.37 प्रतिशत पुरुषों और 70.02 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया।

## जाकिर नाइक को पाक में मिला स्वागत निंदनीय: विदेश मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक की पाकिस्तान यात्रा आजकल सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। विदेश मंत्रालय ने भगोड़े नाइक को वहां मिले स्वागत को निंदनीय एवं निराशाजनक बताते हुए कहा है कि पाकिस्तान की हरकतों को देखते हुए यह आश्चर्यजनक नहीं है। हमने रिपोर्ट देखी हैं कि जाकिर नाइक का पाकिस्तान में गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## कांग्रेस युवाओं को ड्रग्स की दुनिया में ले जाना चाहती है : शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ड्रग्स की बहुत बड़ी खेप पकड़े जाने पर शुक्रवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं को ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एक ओर जहां मोदी सरकार 'नशामुक्त भारत' के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ रुपये की



खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में ड्रग्स से पंजाब, हरियाणा और समग्र उत्तर भारत में युवाओं का जो हाल हुआ, वह सभी ने देखा है। मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा और इनोवेशन की ओर ले जा रही है, तो वहीं कांग्रेस उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है।

**कांग्रेस को घेरा**

**5600 करोड़ रुपये की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक**

गृहमंत्री शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता द्वारा अपने राजनीतिक रसूख से युवाओं को ड्रग्स के दलदल में झोंकने का जो पाप किया जाना था, उन इरादों को मोदी सरकार कभी पूरा नहीं होने देगी।

## रक्षा क्षेत्र में सैन्य-नागरिक सहयोग की जरूरत: सीडीएस चौहान

**रक्षा क्षेत्र**

**सरकार की भी ऐसी नीति की जरूरत है। सहयोगात्मक प्रतिस्पर्धा आज समय की मांग है: सीडीएस**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चीफ डिफेंस ऑफ स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कहना है कि सैन्य और नागरिक सहयोग से देश के रक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार की भी ऐसी नीति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सहयोगात्मक प्रतिस्पर्धा आज समय की मांग है।

**'सहयोगात्मक प्रतिस्पर्धा आज समय की मांग'**

दिल्ली में आयोजित हुए एक कार्यक्रम के दौरान सीडीएस



जनरल अनिल चौहान ने कहा कि भारत के रक्षा उद्योग और विदेशी उपकरण निर्माताओं के बीच एक दूसरे पर निर्भरता बढ़ाने को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। इससे भारत एक ऐसे वातावरण का निर्माण कर सकता है, जहां सभी को ज्ञान, तकनीक और संसाधनों साझा करने की अनुमति होगी। सहयोगात्मक प्रतिस्पर्धा आज समय की मांग है।

ऐसे में हमें अपनी मुख्य योग्यता की पहचान कर उस पर फोकस करने की जरूरत है। नागरिक-सैन्य संलयन सरकार की नीति होनी चाहिए। सीडीएस ने कहा कि 'रणनीति एक व्यापक ढांचे के रूप में काम करती है जो वांछित लक्ष्यों को परिभाषित करती है, और उन लक्ष्यों को पाने के तरीकों की रूपरेखा तैयार करती है।

बड़े सपने देखें, छोटी शुरूआत करें, तेजी से काम करें... यह दृष्टिकोण एक महत्वाकांक्षी दृष्टि के लिए जरूरी है।

## 2025 में रूस सौंपेगा एस-400 की दो यूनिट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** 30 सितंबर को वायुसेना प्रमुख की कमान संभालने के बाद शुक्रवार को एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने मेक इन इंडिया हथियारों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य की किसी भी चुनौती से निपटने की खातिर स्वदेशी हथियारों का होना अहम है। सिंह ने कहा कि भारतीय वायुसेना के पास 2047 तक देश में निर्मित पूरी इन्वेंट्री होनी चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि रूस से अब तक एस-400 मिसाइल प्रणाली की तीन इकाइयां मिल चुकी हैं। अगले साल बाकी दो इकाइयों को देने का वादा किया है। मीडिया से बातचीत में वायुसेना प्रमुख ने कहा कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तेजी से बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है।

## अशोक तंवर ने कांग्रेस में शामिल होने की औपचारिकता की पूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हरियाणा के चर्चित नेता एवं पूर्व सांसद अशोक तंवर ने शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय पहुंच कर पार्टी में शामिल होने की औपचारिकता पूरी की। इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन मौजूद रहे। हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन गुरुवार को भाजपा नेता अशोक तंवर महेंद्रगढ़ में आयोजित कांग्रेस की चुनावी जनसभा के मंच पर देखे गए थे।

## पाकिस्तान का दौरा करेंगे विदेश मंत्री एस जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान जाएंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने इसकी पुष्टि की है। इस बार एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है। यह बैठक 15-16 अक्टूबर को होगी। इससे पहले अगस्त में, पाकिस्तान ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अक्टूबर में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन की काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ



गवर्नमेंट की बैठक में आमंत्रित किया था।

**क्या है विदेश मंत्री एस जयशंकर का पूरा कार्यक्रम?**

**सम्मेलन**

**एससीओ बैठक में लेंगे हिस्सा, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दी एससीओ बैठक की जानकारी**

बताया जा रहा है, दो दिनों तक चलने वाले इस बैठक में चीन और रूस जैसे देश भी हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पाकिस्तान में एससीओ की बैठक में क्या-क्या होगा, विदेश मंत्री एस जयशंकर के बाकी का कार्यक्रम कॅया है, इसके बारे में जानकारी बाद में दी जाएगी।

**क्या है एससीओ?**

एससीओ एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। यह एक राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है जिसका लक्ष्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता बनाए रखना है। वर्ष 2001 में इसका गठन किया गया था। एससीओ चार्टर पर वर्ष 2002 में हस्ताक्षर किए गए और वर्ष 2003 में इसे लागू किया गया।

**प्रसाद पर विवाद** चंद्रबाबू नायडू की झूठी टिप्पणियों से टीटीडी और प्रसादम की पवित्रता को नुकसान पहुंचा है: जगन

## नायडू के झूठ से प्रभावित हुई प्रसाद की पवित्रता: जगन

**टीम एक्शन इंडिया**

**अमरावती:** तिरुपति लड्डू प्रसादम विवाद पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के बाद आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने चंद्रबाबू नायडू पर जमकर हमला बोला। जगन रेड्डी ने नायडू पर सरासर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें इसके लिए शर्म आनी चाहिए। जगन मोहन रेड्डी ने मामले पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने सीएम चंद्रबाबू नायडू द्वारा की गई टिप्पणियों पर प्रकाश डाला, जिसमें कहा गया कि उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है और राजनीतिक नाटक के लिए



धार्मिक मामलों का उपयोग करने के खिलाफ चेतावनी दी है।

**'सरासर झूठ फैला रहे नायडू: जगन**

उन्होंने कहा, 'एसआईटी को भी रोक दिया गया था, जिसका गठन सीएम ने किया था। चंद्रबाबू नायडू की झूठी टिप्पणियों से टीटीडी और प्रसादम की पवित्रता को नुकसान पहुंचा है। यहां तक कि अदालतों ने भी टीटीडी पर आरोप लगाने के लिए सीएम चंद्रबाबू नायडू से सवाल किए।' वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन रेड्डी ने कहा, 'कोर्ट के आदेश के बाद भी उन्हें (सीएम नायडू) झूठी खबर फैलाने के लिए शर्म महसूस करनी चाहिए। वह सरासर झूठ फैला रहे हैं। मुझे समझ में नहीं आता कि वह सोशल मीडिया पर क्यों पोस्ट कर रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने वाईएसआरसीपी के प्रति गुस्सा जताया है।'

**सीएम को घेरा**

**मामले की जांच स्वतंत्र एसआईटी से कराने का दिया निर्देश, नायडू पर सरासर झूठ फैलाने का लगाया आरोप**

**कोर्ट ने स्वतंत्र एसआईटी के गठन का दिया आदेश**

जगन रेड्डी ने कहा, 'उनके शासन (2014 से 2019) के दौरान 14 बार टैंकरों को वापस भेजा गया था। प्रसादम के निर्माण के लिए टीटीडी में एक मजबूत प्रणाली लागू की गई है।

गुणवत्ता जांच से गुजरे बिना टैंकरों को उपयोग के लिए प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। उत्पाद का उपयोग करने से पहले तीन परीक्षण किए जाने हैं।

## केजरीवाल ने छोड़ा मुख्यमंत्री आवास....

**नया ठिकाना**

**केजरीवाल परिवार को उनके पुराने घर के कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को लुटियंस जोन में स्थित अपने नए पते पर जाने के लिए पुराना आवास छोड़कर चले गए हैं। केजरीवाल परिवार समेत मंडी हाउस के पास 5, फिरोजशाह रोड स्थित पार्टी के



सदस्य अशोक मित्तल के आधिकारिक आवास के लिए रवाना हुए। इससे पहले केजरीवाल परिवार को उनके पुराने घर के कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई, पूर्व सीएम ने भावपूर्ण तरीके से उन्हें गले लगाया। उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आवास की चाबियां एक अधिकारी को सौंपी। आप का कहना है, अब जब तक जनता की अदालत में जनता उनकी ईमानदारी पर मुहर लगाकर उन्हें फिर से मुख्यमंत्री नहीं बनाती तब तक अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहेंगे। अरविंद केजरीवाल का नया पता 5, फिरोजशाह रोड होगा।

# केजरीवाल ने खाली किया मुख्यमंत्री आवास

## मुख्यमंत्री आवास छोड़ केजरीवाल फिरोजशाह रोड पर स्थित सांसद आवास में शिफ्ट हुए, सांसद स्वाति मालीवाल ने कसा तंज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास खाली कर दिया। शुक्रवार को उन्होंने पूरे परिवार के साथ मुख्यमंत्री आवास से विदाई ली। मुख्यमंत्री आवास छोड़ केजरीवाल फिरोजशाह रोड पर स्थित सांसद आवास में शिफ्ट हुए हैं। यहां घर में प्रवेश करने से पहले अरविंद केजरीवाल ने पूजा की और नए घर में प्रवेश हुए। इसी बीच आम आदमी पार्टी से सांसद स्वाति मालीवाल ने तंस कसते हुए एक्स पर लिखा एक थे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, जिन्होंने महल छोड़ वन में 14 साल गुजारे। नारी सम्मान के लिए रावण जैसे शक्तिशाली राक्षस से युद्ध किया। आज कल जो लोग अपनी तुलना प्रभु श्रीराम से करवाते हैं, महात्याग बता कर एक महल छोड़ दूसरे महल में रहने जाते हैं। माया के पीछे आदर्श भूल जाते हैं। नारी पर वार करने वाले को बचाते हैं, इसी में सुकून पाते हैं। हे राम। राजनीति में आने से पहले दिल्ली से सटे गाजियाबाद में अरविंद केजरीवाल परिवार के साथ रहते थे। जब वे पहली बार 2013 में दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे, तब आईटीओ के पास तिलक लेन के सरकारी फ्लैट में कुछ समय तक रहे।





### शिफ्ट हुए

घर में प्रवेश करने से पहले अरविंद केजरीवाल ने पूजा की और नए घर में प्रवेश हुए

दोबारा वर्ष 2015 में जब पूर्ण बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तब से लेकर अभी तक अरविंद केजरीवाल सिविल लाइंस स्थित इसी सरकारी आवास में रह रहे थे।

शुरूआत में सबकुछ सामान्य रहा। इसी आवास के एक हिस्से में मुख्यमंत्री कार्यालय भी चल रहा था, लेकिन वर्ष 2020 में जब तीसरी बार केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने तब इस सरकारी आवास के सौंदर्यीकरण का फैसला लिया गया। उसके बाद से यह सरकारी आवास विवादों के चलते सुर्खियों में आ गया।

### केजरीवाल के लिए बंगला मूलभूत सुविधाओं में से एक हो गया है: वीरेंद्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के बंगला बदलने पर कटाक्ष किया है । वीरेंद्र सचदेवा ने एक्स पर कहा कि केजरीवाल के लिए बंगला मूलभूत सुविधाओं में से एक हो गया है । उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भ्रष्टाचार और घोटालों से बने शीश महल से निकल कर नये बंगले में जा रहे हैं, वह दिखाता है कि केजरीवाल का मोह बंगले से है और वे खास आराम पसंद जगह में रहना चाहते हैं। सचदेवा ने कहा कि यथार्थ तो ये है कि आआपा का चरित्र ही ढोंग और दिखावे का है ।उन्होंने कहा कि केजरीवाल का चेहरा भ्रष्टाचारी का है , बंगला बदलने से भ्रष्टाचार नहीं खत्म होगा । सचदेवा ने कहा कि आआपा के सर्वविदित चरित्र को नया ठिकाना देकर व हमारे दिल्ली वासियों को समस्याओं की दीवारों वाला घर देकर केजरीवाल की नए बंगले में आराम फरमाने की मंशा, आआपा के वास्तविक चरित्र का प्रमाण है । उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल आज 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित आवास खाली कर लुटियंस दिल्ली के फिरोजशाह रोड स्थित बंगला नंबर 5 में शिफ्ट हो गए। आआपा मुख्यालय के नजदीक स्थित यह बंगला आधिकारिक तौर पर पंजाब से पार्टी के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल को आवंटित था।

# आबकारी: केजरीवाल, सिसोदिया और के कविता कोर्ट में पेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली आबकारी घोटाले के सीबीआई से जुड़े मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी नेता दुर्गेश पाठक, विजय नायर और भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। सभी आरोपित स्पेशल जज कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश हुए। मामले की अगली सुनवाई 19 अक्टूबर को होगी। कोर्ट ने 11 सितंबर को दुर्गेश पाठक को एक लाख रुपये के बेल बांड पर जमानत देने का आदेश दिया। कोर्ट ने 3 सितंबर को अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई की ओर से दाखिल पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 23 अगस्त को सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मिल गई है। 10 जुलाई को कोर्ट ने ईडी के चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए केजरीवाल को पेश होने का आदेश दिया था।

17 मई को ईडी ने सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की थी जिसमें आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया गया है। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार होने वालों में केजरीवाल, सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, बीआरएस नेता कविता शामिल हैं।

# रखरखाव कार्य के चलते मेट्रो ट्रेन के समय में बदलाव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मेट्रो में रखरखाव कार्य के चलते ट्रेन के समय में बदलाव किया गया है। रविवार, 6 अक्टूबर को विश्वविद्यालय से मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम के लिए पहली ट्रेन सेवा सुबह 06 के बजाय 06.45 बजे और कश्मीरी गेट से समयपुर बादली के लिए सुबह 6 के बजाय 06:52 बजे शुरू होगी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रवक्ता अनुज दयाल ने यह जानकारी दी। दयाल ने बताया कि



विश्वविद्यालय से कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशनों के बीच और इसके विपरीत कोई ट्रेन सेवा उपलब्ध नहीं होगी। दो स्टेशन यानी विधानसभा और सिविल लाइन्स ट्रेन सेवाओं के फिर से शुरू होने तक यानी सुबह 6:40 बजे तक बंद रहेंगे। मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम से कश्मीरी गेट और समयपुर बादली से विश्वविद्यालय स्टेशनों तक येलो लाइन के शेष प्रमुख खंड पर सामान्य ट्रेन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।
डीएमआरसी के अनुसार रखरखाव कार्य के दौरान ट्रेन सेवाएं 10 मिनट की आवृत्ति पर उपलब्ध रहेंगी और उसके बाद शेष दिन के लिए नियमित रविवार की समय सारिणी का पालन किया जाएगा।

# अशोक विहार: सत्य, धर्म, दया और मर्यादाओं का रखें ध्यान: सतीश गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस-2 में राम जन्म, विश्वामित्र तप भंग, ताड़का सुबाहु वध कि लीला का मंचन निपुण कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। जहां प्रभु राम के जन्म की लीला देख दर्शक भाव विभोर हो गए, तो वही ताड़का सुबाहु वध कि लीला देख दर्शक रोमांचित हो उठे। रामलीला के प्रति दर्शकों में काफी उत्साह दिखा।
रामलीला का उद्घाटन सतीश गर्ग कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सतीश गर्ग ने कहा कि हमारी संस्कृति और सदाचार कि जब भी बात होती है तो राम का नाम लिया जाता है। समाज की अवधारणा है बेटा हो तो राम जैसा, राजा हो तो राम जैसा, चरित्र हो तो राम जैसा। सत्य, धर्म, दया और मर्यादाओं का सदैव प्रभु राम ने पालन किया है, हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने डेंगू रोकथाम के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में विजय बंसल, देवराज, नितिन बत्रा, प्रवीण कुमार सिंह, संदीप गुप्ता, चंदन शर्मा, प्रदीप गोयल व सुरेश जैन उपस्थित रहे।





# माता रानी सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें: सागर यादव





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** श्रीश्री1008 शिव शक्ति मंदिर पॉकेट-8 सेक्टर ए5 नरेला दिल्ली में दुर्गा पूजा के उपलक्ष में पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर पुजारी पुलकित नारायण झा, मंदिर के अध्यक्ष सागर यादव, जनरल सेक्रेटरी राकेश यादव, जनरल सेक्रेटरी विश्वनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष प्रेम पंडित, उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, उपाध्यक्ष सचदेवा यादव, उपाध्यक्ष राजकुमार भगत, प्रचारक मंत्री राम ब्रिज, उपप्रचारक मंत्री बेचैन साहू, विक्की कुमार, लालबाबू भारती, कन्हैया कुमार, राम शंकर, संजय यादव, भुनेश्वर यादव, जटाशंकर शुक्ला, बीएन झा, शंकर कुमार, निरंजन कुमार, सूरज यादव, सचिन यादव, ओम प्रकाश यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सागर यादव ने कहा कि मैं माता रानी से प्रार्थना करता हूं कि माता रानी सभी के जीवन में खुशियां लाये। श्री यादव ने कहा कि जो व्यक्ति सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी सत्य की राह पर चले।

# सभी कार्यकर्ता एक्टिव होकर करें कार्य: हरिशंकर गुप्ता







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के निदेर्शानुसार ब्लॉक में होने वाली मासिक बैठक के अंतर्गत पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता के नेतृत्व में वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के निमड़ी वार्ड की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुखविंदर सिंह डैनी, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व सह प्रभारी दिल्ली ने बैठक में शामिल होकर कांग्रेस को मजबूत करने के विषय में चर्चा की। इस बैठक में अब्दुल सत्तार ब्लॉक अध्यक्ष के अलावा बदरुद्दीन खान, पंकज शर्मा, चन्द्रेश वर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि हम सभी को कांग्रेस की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचना होगा और संगठित होकर कार्य करना होगा।

# करावल नगर की पांचों विधानसभाओं में हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा के चुनाव अभी 5 महीने दूर हैं लेकिन सभी मुख्य पार्टियां अपने-अपने हिसाब से अपने संगठन का अवलोकन करने में संगठन मजबूत करने में लगी हुई हैं। इसी तरह दिल्ली कांग्रेस में नवनियुक्त सह प्रभारी दानिश अबरार ने करावल नगर जिले की पांचों विधानसभाओ में कार्यकर्ताओं से मीटिंग कर उनमें जोश भर आने वाले चुनावों के लिए बूथ लेबल और वार्ड लेबल पर कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वाहन किया। इन बैठको में हसन अहमद पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, आब्जर्वर पीके मिश्रा, हर्ष चौधरी ने सभी




विधानसभाओं में उपस्थित रहकर अपने-अपने संबोधनों में कार्यकर्ताओं को एकता और अखंडता का संदेश देते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षो से दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार और केंद्र में बैठी सरकार की आपसी खींचतान के चलते दिल्ली का विकास होने के बजाय दिल्ली लगभग 20 वर्ष पीछे जा चुकी है। इन बैठकों में अली मेहंदी, पूर्व प्रत्याशी खुस्नूद, जावेद चौधरी निगम पार्षद, खेमचद सैनी, रविंद्र त्यागी, सुजीत कुमार सिंह, परवीन बडाना, चंदन चौबे, अली मेहंदी पूर्व प्रत्याशी, लोकेंद्र चौधरी, अमित डेडा, फकीर चंद, अशोक भेगेल, राज कुमार शर्मा, डॉ वी आर चौधरी, नेत्रपाल, विनोद कुमार, अमरलता सांगवान, संजीव भारद्वाज, कालीचरण पंवार, शहजाद खान, शैलेन्द्र चौधरी, स्नेह शास्त्री, रामनिवास यादव मौजूद रहे।

# केजरीवाल अपनी सुविधाओं पर दे रहे है ज्यादा ध्यान: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि सरकारी बंगला, सुरक्षा और सरकारी स्टॉफ न लेने की दुहाई देने वाले अरविन्द केजरीवाल एक शीश महल से निकल कर दूसरे सरकारी महल 5 फिरोजशाह रोड़, नई दिल्ली में रहेंगे। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद पूरी की पूरी आम आदमी पार्टी अरविन्द केजरीवाल को भगवान बनाने की नौंटकी कर रहे थे कि अब केजरीवाल आम आदमी के बीच रहेंगे। परंतु सच्चाई तो यह है उनका शीश महल का मोह खत्म होने वाला नहीं है। जनता के बीच जनता की अदालत लगाने वाले केजरीवाल एक बार फिर जनता की पहुँच से दूर हो गए है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि लोगों की परेशानियों का हल करने का दावा करने वाले अरविन्द केजरीवाल अपनी सुविधाओं पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।



# नारकीय जीवन जीने को मजबूर बुराडी के लोग: विनोद मुदगल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली की बुराड़ी विधानसभा पिछले एक दशक से बदहाली की मार झेल रही है, यहां पर सड़क, पीने का पानी और नालियां जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। जहां एक ओर तो दिल्ली सरकार ने दिल्ली की जनता को अनेक वादे किए थे जिसको लेकर पूरी तरह से विफल साबित हुई है। मूलभूत सुविधायें नदारद रहने से आज भी यहां के लोग नारकीय जीवन जीने के लिए विवश हैं। उक्त सभी बातें बुराडी विधानसभा क्षेत्र के संत नगर वार्ड नंबर-9 में रहने वाले व उत्तर पूर्वी लोकसभा सीट से सांसद मनोज तिवारी के सांसद प्रतिनिधि अधिवक्ता विनोद मुदगल ने कही।



**टूटी-फूटी सडकें, दूभर हुआ आना-जाना:** विनोद मुदगल ने कहा कि पूरी विधानसभा में गड्डों की वजह से सड़कों का कुछ अता-पता ही नहीं है।

**गंदा पानी पीने को मजबूर है लोग:** बुराडी में न तो पीने को शुद्ध पानी है और ना ही बेहतर सड़के इस कारण लोग प्रतिदिन इन समस्याओं से दो चार हो रहे हैं। शुद्ध पेयजल के नाम पर दिल्ली जल बोर्ड के नलों से नाले जैसा गंदा पानी पीने को मजबूर हैं।

# सावन पार्क इलाके में भव्य रूप में हो रहा है प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के सावन पार्क इलाके के रामलीला पार्क में प्रभु श्री राम की लीला का शुभारंभ हो गया है। धार्मिक एकता मंच के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही भव्य रूप में प्रभु श्री राम की लीला का मंचन किया जा रहा है। लीला का उद्घाटन चाचा चौधरी सावल सिंह और ईश्वर गुप्ता ने किया। इस अवसर पर धार्मिक एकता मंच के प्रधान व पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह ने बताया कि हमारे मंच का लक्ष्य रहता है कि हम लोगों को बेहतर से बेहतर लीला का मंचन लोगों के समक्ष पेश कर सके। इसके लिए लीला के कलाकारों के द्वारा पिछले कई महिनों से रिहलसल की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु श्री राम ने जिस प्रकार से सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए किये थे, उसी प्रकार से हमें भी सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए ही करने चाहिए।
इस मौके पर जोगेन्द्र चौहान, फूल सिंह, किशन लाल प्रधान, चौबे जी, महेन्द्र, लाल सिंह, प्रबोध शर्मा, नीरज, नरेन्द्र शर्मा, तिवारी जी, उत्तम सिंह के अलावा मंच के कलाकार व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर सभी तैयारियां एवं प्रबंध होंगे चौकचबंद : डीसी राजेश जोगपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः अक्टूबर 4**

**जिला निर्वाचन अधिकारी** एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दृष्टिद्गत सभी तैयारियां एवं प्रबंध कर लिए गए हैं, 5 अक्टूबर को मतदान होगा तथा प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदाता अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान कर सकेंगे। जिले में 43 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें से 37 पुरुष उम्मीदवार व 6 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल



पर कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रैस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि जिले में 7 लाख 73 हजार 425 मतदाता हैं, जिनमें से 4 लाख 591 पुरुष मतदाता व 3 लाख 72 हजार 820 महिला मतदाता हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में चारों विधानसभा क्षेत्रों में स्पेशल बूथ भी बनाए गए हैं। हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक दिव्यांग बूथ, एक-एक महिला संचालित बूथ, एक-एक यंग बूथ और एक-एक मॉडल पोलिंग स्टेशन शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 512 लोकेशन के तहत 810 बूथ स्टेशन तहत बनाए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में 609 तथा शहरी क्षेत्र में 201 बूथ स्टेशन शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा शुरू से ही हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। इस कार्य के दृष्टिद्गत 24 फ्लाईंग स्कवायट टीम, 36 स्टेटिक सर्विलेंस टीम, 4 वीडिया सर्विलेंस टीमें नियुक्त की गई हैं। मतदान वाले दिन 24 जोनल मैजिस्ट्रेट फील्ड में रहकर हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। इसके साथ-साथ चुनाव प्रक्रिया के तहत लगभग 5 हजार कर्मचारी डयुटी पर तैनात हैं और अपने-अपने कार्य को चुनाव आयोग की हिदायतों के मुताबिक कर रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार इस बार दिव्यांग मतदाता, 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर से वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके तहत 179 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है और इस प्रक्रिया की बकायदा वीडियोग्राफी भी की गई है। पोस्टल बैलट पेपर के तहत 2131 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है।

# स्वस्तिक टाइल ट्रेडिंग कम्पनी में चोरों ने दुकान में सेंधमारी की

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः बीती रात** मुरथल रोड पर स्वस्तिक टाइल ट्रेडिंग कम्पनी में चोरों ने दुकान में सेंधमारी करके चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर लगभग 15 -20 लाख रुपए के सैनिटरी के महंगे से महंगे सामान को उठा कर ले गए। मोके पर पुलिस ने पंहुचकर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार राजीव जैन मौके पर पंहुचे और घटना की जानकारी ली। दुकान मालिक दिनेश गोयल ने बताया कि चोर दुकान के पीछे से सीढ़ी लगाकर छत पर चढ़े और छत पर लगे लोहे के गेट को तोड़कर दुकान में घुस गए। चोरों ने सबसे पहले सी०सी० टी० वी० कैमरे की डी०वी० आर० को तोडा



और सेनेटरी के कीमती सामान एवं मशीनरी उठाकर ले गए। दुकान मालिक ने बताया कि सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। डायल 112 पर फोन करने पर पुलिस की गाड़ी पंहुच गई परन्तु सेक्टर 27 थाने से कोई कर्मचारी नहीं पंहुचा। राजीव जैन ने पुलिस के अधिकारी को फोन करके फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ तथा पुलिस कर्मचारी भेजने को कहा तब जाकर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। राजीव जैन ने पुलिस अधिकारीयों से वारदात को मुस्तैदी से हल करने और चोरों को पकड़ने का आग्रह किया। भाजपा नेता ने दुकानदारों से अपील की कि वह अपने स्टॉक का रजिस्ट्रेशन हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड में करवाएं ताकि नुकसान की दशा में उसकी भरपाई हो सके।

## न्यूज फ्लैश

### डोर-टू-डोर अभियान चला भाजपा की नीतियों से करवाया अवगत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। घरौंडा से भाजपा** प्रत्याशी हरविन्द्र कल्याण ने शुक्रवार को डोर-टू-डोर जनसम्पर्क अभियान चलाया और लोगों से राष्ट्रहित एवं लोकतंत्र के लिए अपना मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने घरौंडावासियों को भारतीय जनता पार्टी द्वारा करवाए गए देश एवं प्रदेश में विकास कार्यों को गिनवाया। डोर-टू-डोर अभियान में हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि आज हमारा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई ऊंचाईयों को छू रहा है। भारत देश का नाम पूरे विश्व में प्रधानमंत्री जी ने गौरांवित किया है। भारत एक नई शक्ति बनकर उभरा है, इसलिए पांच तारीख को अपने मताधिकार का प्रयोग देशहित में आवश्य करें। हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प लिया है कि छोटी पिछड़े समाज की जातियों (36 बिरादरियों) के लिए पर्याप्त बजट के साथ अलग-अलग कल्याण बोर्ड, पेंशनों को जोडने.वाले साइंटिफिक फॉमूले के आधार पर सभी सामाजिक मासिक पेंशनों में वृद्धि, भारत के किसी भी सरकारी कॉलेज से मेडिकल और इंजीनियरिंग पढने.वाले ओबीसी एवं एससी जातियों के हरियाणा के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति, लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 रुपये, अव्वल छात्राओं को स्कूटी, 500 रुपये में महिलाओं को सिलेंडर, हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी दी जाएगी।

### नीलोखेड़ी के विकास के लिए करें मतदान का प्रयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नीलोखेड़ी से भाजपा** प्रत्याशी भगवानदास कबीरपंथी ने शुक्रवार को डोर.टू.डोर जन सम्पर्क अभियान चलाया और लोगों से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। उन्होंने लोगों के घर-घर जाकर भाजपा की नीतियों से अवगत करवाया और सहयोग एवं समर्थन का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा देश एवं प्रदेश के विकास के लिए दृढ संकल्पित है। देश एवं प्रदेश में विकास करवाना ही भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पांच तारीख को अधिक से अधिक भाजपा के लिए मतदान करें और देश एवं प्रदेश की तरक्की में अपना योगदान दें।

### दो लुटेरे पिस्तौल की नोक पर पेट्रोल पंप केसेल्समैन से नकदी छीनकर हुए फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में नेशनल** हाईवे पर गांव ऊंचा समाना के पास 2 युवकों ने पिस्तौल की नोक पर पैट्रोल पंप पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। युवक एक बाइक पर



सवार होकर आए थे और पैट्रोल डलवाने लगे। तभी एक ने पिस्तौल तान दी और वह सेल्समैन से 23 हजार 100 रुपए छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार की रात करीब सवा 10 बजे पेट्रोल पंप पर सेल्समैन अजय पेट्रोल डाल रहा था। इसी दौरान 2 युवक बाइक पर आए। उन्होंने पहले 90 रुपए का पेट्रोल भरवाया और फिर अचानक एक युवक ने अपनी लोअर की जेब से पिस्तौल निकालकर अजय की कनपटी पर तान दी। आरोपी ने धमकी दी कि अगर उसने तुरंत पैसे नहीं दिए तो उसे गोली मार दी जाएगी। इसके बाद उन्होंने अजय की जेब से तेल की बिक्री के 23 हजार 100 रुपए छीन लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद सेल्समैन अजय ने पेट्रोल पंप मालिक वरुण वर्मा को फोन पर पूरी जानकारी दी। वरुण वर्मा ने मौके पर आकर स्थिति का जायजा लिया और पुलिस को सूचना दी। पूरी घटना पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पेट्रोल पंप मालिक वरुण वर्मा ने थाना मधुबन में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया है। घटना के बाद आरोपी युवक मोटरसाइकिल से सर्विस लेन होते हुए घरौंडा की तरफ भाग गए। पुलिस ने मोटरसाइकिल की पहचान की है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है। जांच अधिकारी धर्मेंद्र ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें मतदाताः जगमोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल से** भाजपा प्रत्याशी जगमोहन आनन्द ने आज दिन की शुरूआत सिद्ध योगी बाबा लक्कड़ नाथ जी की समाधि के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त करके की। इस अवसर पर सिद्ध बाबा धर्मनाथ जी एवं चरण नाथ जी की चरणों में शीश नवाकर सर्व समाज की भलाई की कामना की। इसके पश्चात भाजपा प्रत्याशी जगमोहन आनन्द ने लोगों से अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान करने करने की अपील की। भाजपा प्रत्याशी जगमोहन आनन्द ने कहा कि राष्ट्रहित एवं लोकतंत्र की मजबूती के लिए नगरवासी



अपने मत का प्रयोग अवश्य करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अपने मत का प्रयोग करना बहुत जरुरी है। इस दौरान जगमोहन आनन्द ने लोगों को भाजपा की नीतियों से अवगत करवाया और उनके सहयोग एवं समर्थन का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प लिया है कि भाजपा की सरकार आने पर प्रत्येक महिला को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 की राशि दी जाएगी। आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 औद्योगिक शहरों का निर्माण किया जाएगा। प्रति शहर 50,000 स्थानीय युवाओं को नौकरी देने के लिए उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 10 लाख तक का मुफ्त इलाज एवं परिवार के 70 वर्ष से अधिक प्रत्येक बुजुर्ग को अलग से 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगाी।

इसके अलावा 24 फसलों की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। दो लाख युवाओं को बिना पर्ची बिना खर्ची पक्की सरकारी नौकरी दी जाएगी। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास, सरकारी अस्पतालों में डायलिसिस तथा सभी अस्पतालों में डायग्नोसिस मुफ्त, हर जिले में ओलंपिक खेलों की नर्सरी, हर घर गृहिणी योजना तहत 500 में सिलेंडर, अव्वल बालिका योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में कॉलेज जाने वाली प्रत्येक छात्रा को स्कूटर देने का भाजपा सरकार ने संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही भाजपा की हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनेगी।

# घर-घर जाकर करवाया लोगों को भाजपा की नीतियों से अवगत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। असंध से भाजपा** प्रत्याशी योगेन्द्र राणा ने शुक्रवार को डोर-टू-डोर जन सम्पर्क अभियान चलाकर असंधवासियों से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। उन्होंने लोगों के घर-घर जाकर भाजपा की नीतियों से अवगत करवाया और सहयोग एवं समर्थन का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में भारतीय जनता पार्टी ने अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने लोगों को भाजपा की नीतियों से अवगत करवाया और कहा कि पांच तारीख को अधिक से अधिक भाजपा के लिए मतदान करें और देश एवं प्रदेश की तरक्की में अपना योगदान दें। उन्होंने बताया कि भातरीय जनता पार्टी ने सभी महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2100, खरखौदा की तर्ज पर 10 औद्योगिक शहरों का निर्माण, प्रति शहर 50,000 स्थानीय युवाओं को नौकरी देने के लिए उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन, चिरायुत्रआयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 10 लाख तक का मुफ्त इलाज एवं परिवार के 70 वर्ष से अधिक प्रत्येक बुजुर्ग को अलग से 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा, 24 फसलों की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद, 2 लाख युवाओं को बिना पर्ची बिना खर्ची पक्की सरकारी नौकरी सहित अनेक योजनाओं का संकल्प लिया है।

# अज्ञात चोर घर से 21 लाख के आभूष चोरी करके हुए फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मॉडल टाउन** क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने 21 लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिए। जेवरात घर के लॉकर में रखे हुए थे। जब परिवार को चोरी का पता चला तो वे दंग रह गए। पीड़ित की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल के मॉडल टाउन निवासी सिमरनजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर से बाहर गए हुए थे। उन्होंने अपने घर के लॉकर में लाखों रुपये के जेवरात रखे हुए थे। जब वह कल शाम को घर आए और लॉकर खोला तो वहां से जेवरात गायब थे। उन्होंने घर के अन्य लोगों से भी पूछा, लेकिन किसी को कुछ पता नहीं चला। किसी अज्ञात चोर ने चोरी की है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जेवरात कैसे गायब हुए। पीड़ित ने बताया है कि लॉकर में सोने के 16 सिक्के रखे हुए थे। इसके साथ ही 8 तोले सोने का गले का हार था। 8 तोले सोने के चार कड़े थे। साथ ही तीन तोले सोने की 4 चूडियां भी गायब थी। चोरी होने से पूरा परिवार परेशान है। सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि सिमरजीत ने अपने घर के लॉकर से चोरी की शिकायत दी है। सोने के गहने गायब हुए है।

# कुवि के प्रो. दिनेश कुमार ने डीन एकेडमिक अफेयर्स का पदभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के जियोफिजिक्स विभाग के प्रोफेसर दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स का पदभार विधिवत रूप से संभाला। इस अवसर पर प्रो. दिनेश कुमार ने कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा का आभार व धन्यवाद करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को शैक्षणिक, शोध एवं अनुसंधान सहित सभी क्षेत्रों में बुलंदियों पर ले जाना उनकी सर्वप्रथम प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षण एवं अनुसंधान कुरुक्षेत्र की



विशिष्ट पहचान रही है इसलिए केयू को वैश्विक पटल पर अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक बनाने पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए कुवि के सभी शिक्षक संकाय सदस्य मिलकर कार्य करें। वहीं रसायन विभाग के प्रो. संजीव अरोड़ा ने डीन फैकल्टी ऑफ साइंसिज का पदभार संभालते हुए कहा कि विज्ञान संकाय से संबंधित सभी संकायों आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी।

# हकेंवि की एनएसएस इकाई ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। एनएसएस इकाई एक और तीन ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए जांट गांव में इस मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस मतदाता जागरूकता अभियान के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व सरंक्षक समकुलपति प्रो. सुषमा यादव रहे।

# सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज होगा मतदान : राजेश जोगपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए कुरुक्षेत्र की चारों विधानसभा क्षेत्रों में कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच 5 अक्टूबर को मतदान होगा। इस क्षेत्र की चारों विधानसभा क्षेत्रों में 810 बूथों पर 7 लाख 73 हजार 425 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे और इन सभी बूथों पर 3888 पोलिंग स्टाफ, पुलिसकर्मी व होमगार्ड, सीआईएसएफ की टुकडि?ं ने अपनी कमान सम्भाल ली है। कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान को संपन्न करवाने के लिए सभी पुख्ता प्रबंध करवा दिए



गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश जोगपाल ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सामुदायिक केंद्र व शूटिंग हॉल में चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त किए गए सभी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। सभी सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी ईमानदारी, निष्ठा और मेहनत के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वाह करते हुए विधानसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाएंगे। इससे पहले लाडवा विधानसभा क्षेत्र के आरओ एवं एसडीएम पंकज सेतिया, थानेसर के आरओ एवं एसडीएम कपिल शर्मा, पिहोवा के आरओ एवं एसडीएम अमन कुमार, शाहबाद के आरओ एवं एसडीएम विवेक चौधरी ने सभी पोलिंग स्टाफ को ईवीएम, वीवीपैट व अन्य सामान देकर बूथों के लिए रवाना किया और इसके लिए कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि विधानसभा आम चुनाव को सफल बनाने के लिए 95 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए है। इसके अलावा 24 जोनल मैजिस्ट्रेट और 67 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए है। इसके साथ-साथ पेट्रोलिंग पार्टियां व स्पैशल पोलिंग पार्टियां भी लगाई गई हैं जो हर गतिविधि पर नजर रखेंगी। सभी बूथों पर मूलभूत सुविधाएं एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

# नेशनल हाईवे-44 पर जेसीबी से खुदाई के दौरान गैस पाइप हुई लीक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नेशनल हाईवे** स्थित सीएचडी सिटी के पास खुदाई के दौरान गैस पाइप लीक होने का मामला सामने आया है। खुदाई के दौरान जैसे ही जेसीबी का पंजा पाइप पर लगा तो हल्का सा धमाका भी हुआ और इसके साथ ही गैस की दुर्गंध भी फैल गई है। इस दौरान गनीमत यह रही कि किसी तरह का कोई बड़ी घटना नहीं हुई। हालांकि पीछे से गैस सप्लाई को बंद कर दिया गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे सदर थाना के जांच अधिकारी ने बताया कि नेशनल हाईवे पर सर्विस रोड की साइड में जेसीबी से खुदाई का काम चल रहा था। खुदाई करते वक्त जेसीबी का पंजा नीचे दबी गैस पाइप में जा लगा और गैस पाइप फट गई। जब दुर्गंध आनी शुरू हुई तो पुलिस को सूचना मिली और वह मौके पर पहुंचे। गैस पाइप को ठीक करने का काम शुरू कर दिया गया है। गनीमत रही कि किसी तरह का कोई हादसा नहीं हुआ। पीछे से गैस की सप्लाई बंद करवा दी गई है। राहगीर रामकुमार ने बताया कि ऐसा नहीं है सीएचडी के सामने गैस पाइप लीक होने की यह पहली घटना हो।

# इनेलो-बसपा प्रत्याशी मन्नू कश्यप के साथ बदसलूकी

## आरोप है कि गांव में उम्मीदवार व उसके साथ समर्थकों के साथ न सिर्फ गाली गलौज हुआ, बल्कि जातिसूचक शब्द भी कहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले की** घरौंडा विधानसभा में इनेलो-बीएसपी के संयुक्त उम्मीदवार मन्नू कश्यप के साथ गुरुवार को गढ़ीभरल गांव में बदसलूकी का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव में उम्मीदवार व उसके साथ समर्थकों के साथ न सिर्फ गाली गलौज हुआ, बल्कि जातिसूचक शब्द भी कहे। इतना ही नहीं मन्नू कश्यप ने अपने फेसबुक आईडी से इस प्रकरण की पोस्ट भी साझा की है, जिसमें कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाया है। हालांकि मामले को लेकर गांव में ही एक पंचायत भी



की गई, लेकिन पंचायत में भी आरोपी के तेवर तल्ख थे, माफी मांगने के मूढ़ में भी आरोपी नहीं था। उम्मीदवार मन्नू कश्यप व उसके समर्थकों का आरोप है कि जिस व्यक्ति ने उनके साथ बदसलूकी की है, वह कांग्रेस समर्थक था। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मामले की शिकायत घरौंडा थाना में की गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांव गढ़ीभरल में वीरवार को मन्नू कश्यप अपने समर्थकों के साथ जनसभा में गए हुए थे। इरफान भाई ने कार्यक्रम किया था। इसके बाद गांव में चाय के कार्यक्रम भी थे। प्रत्याशी मन्नू कश्यप ने बताया कि जिसके दफ्तर में कार्यक्रम था, वहां पर नाजिम नाम का एक व्यक्ति आया। उसने कार्यक्रम करवाने वाले को ही यह कह दिया कि तेरी हिम्मत कैसे हो गई, यहां पर कार्यक्रम करवाने की। उस आदमी ने हमारे साथ बदतमीजी शुरू कर दी और गाली गलौच शुरू कर दी। वहां से निकलने के लिए कह दिया। अपमान किया गया है। बड़े बुजुर्गो के सामने ही गालियां दी गई है, जिससे हमारी भावनाएं आहत हुई है। लोकतंत्र में सभी को अपना प्रचार करने का अधिकार है। उस व्यक्ति ने किसी की शह पर यह काम किया है। इनेलो में टपरीवास प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष गीता राम सिसोदिया, कश्यप समाज के नेता सुशील कश्यप, सोनू कश्यप व अन्य का आरोप है कि हमारे कैंडिडेट की बेइज्जती की गई है। हमने आसपास के लोगों से भी पूछा तो उन्होने बताया कि यह कांग्रेस का है। जब हम उसको पकडने लगे थे तो उसकी जेब से कांग्रेस का पटका भी निकला। उस व्यक्ति को हमने समझाया भी था कि ऐसा न बोले। हमारे समाज को जातिसूचक शब्द बोले गए हैं।

# पाइट होस्टल प्रीमियम लीग में तृतीय वर्ष की टीम बनी चैंपियन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**
**पानीपत इंस्टीट्यूट** ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में होस्टल प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतिस्?पर्धा कराई गई। द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्रों के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। तृतीय वर्ष की टीम ने चैंपियनशिप जीती। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने विजेता व उपविजेताओं को ट्राफी सौंपी। उन्होंने कहा कि होस्टल में प्रत्येक वर्ष इस तरह की लीग आयोजित की जाती है। इसके अलावा अलग-अलग खेलों को



बढ़ावा दिया जाता है। कॉलेज के युवा छात्र हरियाणा और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पधाएं जीत रहे हैं। खेल अधिकारी डॉ.बजरंग राणा ने बताया कि कॉलेज की वॉलीबॉल टीम ने इंटर कॉलेज टूनार्मेंट में भाग लिया था। इसमें पाइट टीम ने सिल्वर मेडल जीता। इसके अलावा वाईएमसीए अकादमी, होडल, पलवल द्वारा आयोजित ऑल इंडिया ओपन वॉलीबॉल टूर्नामेंट में चौथा स्थान हासिल किया। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

## संपादकीय

# देवी उपासक है भारत का लोकजीवन

**माँ** प्रत्येक जीव की आदि अनादि अनुभूति है। हम सबका अस्तित्व माँ के कारण है। माँ न होती तो हम न होते। माँ स्वाभाविक ही दिव्य हैं, देवी हैं, पूज्य हैं, वरेण्य हैं, नीराजन और आराधन के योग्य हैं। मार्कण्डेय ऋषि ने ठीक ही दुर्गा सप्तशती (अध्याय 5) में ह्लया देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता बताकर नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमोनमःह्व कहकर अनेक बार नमस्कार किया है। माँ का रस, रक्त और पोषण ही प्रत्येक जीव का मूलाधार है। ऋषियों ने इसीलिए माँ को देवी जाना और देवी को माता कहा। मां के निकट होना आनंददायी है।

हमारी भाषा में निकटता के लिए उप शब्द का प्रयोग हुआ है। उप बड़ा प्यारा है। इसी से उपनिषद बना। उप से उपासना भी बना है। उपनिषद् का अर्थ है-ठीक से निकट बैठना। उत्तरवैदिक काल में इसका प्रयोग आचार्य और शिष्य की ज्ञान निकटता था। उपासना का अर्थ भी निकट होना है। उपवास का भी अर्थ उप-वास निकट रहना है। उपवास का अर्थ दिव्यता की निकटता है। दिव्यता की निकटता से भोजन बेमतलब हो जाता है। उपासना और उपवास एक जैसे हैं। व्रत का अर्थ नियम पालन है। तैत्तिरीय उपनिषद् में नियम से भोजन करने को व्रत हा गया। व्रत उपवास दरअसल आंतरिक अनुशासन है। ब्रह्माण्ड की सम्पूर्ण ऊर्जा से स्वयं को जोड़ने का अनुष्ठान ही देवी उपासना है। हम पृथ्वी पुत्र हैं। पृथ्वी भी मां है। वही मूल है, वही आधार है। इस पर रहना, कर्म करना, कर्मफल पाना और अंततः इसी की गोद में जाना सतत प्रवाही जीवनक्रम है। ऋग्वेद के ऋषियों के लिए पृथ्वी माता है। माता पृथ्वी धारक है। पर्वतों को धारण करती है, मेघों को प्रेरित करती है। वनस्पतियां धारण करती हैं। ऋग्वेद में रात्रि भी एक देवी हैं वे अविनाशी-अमत्र्या हैं, वे आकाश पुत्री हैं, पहले अंतरिक्ष को और बाद में निचले-ऊचे क्षेत्रों को आच्छादित करती है। उनके आगमन पर हम सब गौ, अश्वादि और पशु पक्षी भी विश्राम करते हैं। प्रार्थना है कि मेरी स्तुतियाँ सुनो। (10.127) दुर्गा सप्तशती में निद्रा भी माता और देवी है। प्रकृति की शक्तियां स्त्रीलिंग या पुल्लिंग नहीं हो सकती। देवरूप माँ की उपासना अतिप्राचीन है। सृष्टि का विकास जल से हुआ। यूनानी दार्शनिक थेल्स भी ऐसा ही मानते थे। ऋग्वेद में भी यही धारणा है। अधिकांश विश्वदर्शन में जल सृष्टि का आदि तत्व है। ऋग्वेद में जल माताएं आपः मातरम् हैं और देवियां हैं। ऋग्वेद के अपो देवीः और आपों मातरः गम्भीर अर्थ वाले हैं। उन्हें बहुवचन रूप में याद किया गया है। भारत में सामाजिक विकास के आदिम काल में ही जल माताओं की उपासना जारी है। संसार के प्रत्येक जड़ चेतन को जन्म देने वाली यही आपः माताएं हैः विश्वस्य स्थातुर्जगतो जनित्रीः (6.50.7) ऋग्वेद के बड़े प्रभावशाली देवता है अग्नि। इन्हें भी आपः माताओं ने जन्म दिया हैः तमापो अग्निं जनयन्त मातरः (10.91.6) ऋग्वेद, अथर्ववेद में अदिति भी देवी है। आदित्य-सूर्य उनके पुत्र हैं। अदिति माता पिता हैं और अदिति ही पुत्र भी हैं। अदिति जैसा देव प्रतीक (या देवी) विश्व की किसी भी संस्कृति में नहीं है जो कुछ हो चुका-भूत और जो आगे होगा वह सब अदिति हैं।

# आतंकी से हमदर्दी कोई राजनीति है या साजिश!

-डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> "इस वक्त भारत बड़े खतरनाक दौर में है। हिंदू और मुसलमान में विभाजन गहराता जा रहा है। मुसलमान को दूसरे मजहब और समुदाय की चिंताओं और दुरावस्थाओं से कोई सरोकार नहीं है। कई राज्यों में मंदिर बनाम अवैध मस्जिद के विवाद उग्र होते जा रहे हैं। हालात यहां तक सांप्रदायिक हो गए हैं कि हिजबुल्लाह का घोषित, घोर आतंकी सरगना नसरल्लाह भारत के मुसलमानों को अपना भाई, दिलों का राजा लगता है। छोटे-छोटे बच्चों के मुंह से नारे बुलवाए गए-एक नसरल्लाह मारोगे, हर घर से नसरल्लाह निकलेगा। अमेरिका को आग लगा दोङ्कअमरीका मुर्दाबाद के नारे भी गूंज रहे थे। यह सिलसिला कश्मीर घाटी से उप्र के लखनऊ और सुलतानपुर तक और छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर तक में जारी रहा"

**बीते** दिनों इजरायल के हमले में लेबनान में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत हो गई थी। इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह के साथ-साथ उसके सभी कमांडरों और ऑपरेटिव्स को भी मार गिराया है। इस तरह से हिजबुल्लाह अब एकदम बर्बाद हो चुका है। नसरल्लाह की मौत के बाद इजरायल की सेना ने हिजबुल्लाह के कई प्रमुख लोगों का हमले में मार गिराया है। जिस समय नसरल्लाह मारा गया उस समय जम्मू-कश्मीर में चुनाव चल रहा था।

नसरल्लाह की हत्या के विरोध में कश्मीर घाटी और करगिल जिले में सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे। विभिन्न राजनीतिक नेताओं ने हत्या की निंदा की और श्रीनगर से लोकसभा सदस्य आगा रूहुल्लाह, पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती और पूर्व मंत्री इमरान अंसारी ने हत्या के मद्देनजर अपना चुनाव प्रचार बंद कर दिया। क्योंकि नसरल्लाह को शहीद कर दिया गया। श्रीनगर, बडगाम, कारगिल में व्यापक स्तर पर मातम मनाया गया। काले कपड़े पहन कर एक भीड़ ने अपनी छाती पीट कर स्यापा किया। लोग बिलख-बिलख कर रोते नजर आए।

कश्मीर घाटी और लद्दाख के कारगिल के विभिन्न हिस्सों में शिया समुदाय के सैकड़ों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ नारे लगाए। रैनावारी, आलमगरी बाजार, लाल बाजार, पट्टन, बडगाम और कारगिल के कुछ इलाकों से विरोध प्रदर्शन की खबरें आईं। भीड़ के हाथों में नसरल्लाह की तस्वीरें थामी गई थीं। लोग ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता खामनेई के जिंदाबाद के नारे भी लगा रहे थे। पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, लेबनान और गाजा के शहीदों, खासकर हसन नसरल्लाह के साथ एकजुटता में कल अपना अभियान रद्द कर रही हूं। हम इस दुख और अनुकरणीय प्रतिरोध की घड़ी में फिलिस्तीन और लेबनान के लोगों के साथ खड़े हैं। रूहुल्लाह ने लिखा, अपना अभियान बंद कर रहा हूं.पट्टन से चुनाव लड़ रहे पूर्व मंत्री इमरान अंसारी ने लिखा, एक शेर शहीद हो गया, उसकी दहाड़ अभी भी बाकी है। हर धड़कन में उसका संघर्ष कायम है। मैं शहीद सैयद हसन नसरल्ला के सर्वोच्च बलिदान को



सम्मान देने के लिए सभी प्रचार गतिविधियों को स्थगित कर रहा हूं। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन ने लिखा, शहीद सैयद हसन नसरल्लाह की सर्वोच्च शहादत पर शोक व्यक्त करता हूं। अल्लाह उनकी आत्मा को शांति दे और हमें अत्याचारियों के खिलाफ उनकी विरासत को आगे बढ़ाने की शक्ति प्रदान करे। हुर्रियत प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक से जुड़ी संस्था मीरवाइज मंजिल ने भी नसरल्लाह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, शहीद मरते नहीं। वे प्रेरणा के रूप में हमारे दिलों में जीवित रहते हैं। सोनावारी से एनसी उम्मीदवार हिलाल अकबर लोन ने भी अपना अभियान रद्द करते हुए कहा, सैयद हसन नसरल्लाह की शहादत के कारण कल के हमारे कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। हमारा दिल टूट गया है।

इस वक्त भारत बड़े खतरनाक दौर में है। हिंदू और मुसलमान में विभाजन गहराता जा रहा है। मुसलमान को दूसरे मजहब और समुदाय की चिंताओं और दुरावस्थाओं से कोई सरोकार नहीं है। कई राज्यों में मंदिर बनाम अवैध मस्जिद के विवाद उग्र होते जा रहे हैं। हालात यहां तक सांप्रदायिक हो गए हैं कि हिजबुल्लाह का घोषित, घोर आतंकी सरगना नसरल्लाह भारत के मुसलमानों को अपना भाई, दिलों का राजा लगता है। छोटे-छोटे बच्चों के मुंह से नारे बुलवाए गए-एक नसरल्लाह मारोगे, हर घर से नसरल्लाह निकलेगा।

अमेरिका को आग लगा दोङ्कअमरीका मुदार्बाद के नारे भी गूंज रहे थे। यह सिलसिला कश्मीर घाटी से उप्र के लखनऊ और सुलतानपुर तक और छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर तक में जारी रहा। भीड़ हाथों में मोमबत्तियां जलाए मार्च निकालती दिखाई दी, मानो भारत का अपना कोई देशभक्त या सैनिक शहीद हो गया है! नसरल्लाह न तो भारतीय था और न ही किसी धर्मयुद्ध का योद्धा था, जिसके मारे जाने पर ऐसा मातम मनाया जा रहा है! मासूम बच्चों को क्या पता कि उसकी मौत क्यों और कैसे हुई? उन्हें नफरत की घूंट पिला दी गई, लिहाजा वे नसरल्लाह के अभिनंदन में नारे लगाने लग पड़े। नसरल्लाह तो इस्लामी जेहादी भी नहीं था, लेकिन दुनिया में असंख्य हत्याओं का सूत्रधार जरूर था। भारत में एक घोषित, घोर आतंकी के हमदर्द रहे हैं, यह कई मामलों में सामने आया है-याकूब मेमन से अफजल गुरु तक। भीड़ बुरहान वानी सरीखे आतंकियों के जनाजे और सुपुर्द-ए-खाक के दौरान इस कदर इकट्ठा होती रही है मानो किसी क्रांतिकारी या स्वतंत्रता सेनानी की अंतिम संस्कार यात्रा हो!

मुसलमान पहले इस्लामी और मुसलमान हैं, बाद में भारतीय हैं। अभिव्यक्ति की आजादी, ऐसे प्रदर्शनों की आजादी और सबसे बड़े लोकतंत्र ने हिंदू-मुस्लिम विभाजन को लगातार गहरा किया है। मौलिक अधिकारों और धर्मनिरपेक्षता के गलत मायने निकाले जाते रहे हैं। पड़ोसी देश बांग्लादेश के मौजूदा हालात सामने हैं। वहां असंख्य हिंदुओं की हत्या ही नहीं की गई, बल्कि उत्पीड़न इतनी पराकाष्ठा तक पहुंच चुका है कि हिंदुओं को बांग्लादेश छोड़ कर चले जाने का वक्त तय कर दिया गया है। बांग्लादेश की यूनिवर्सिटी से दो हिंदू प्रोफेसरों को नौकरी से निकाल दिया गया है। हिंदुओं की पूजा और पर्व मनाने पर पाबंदी थोप दी गई है। बांग्लादेश इस्लामीस्तान बन गया लगता है। इन हालात पर भारतीय मुसलमान, खासकर नसरल्लाह जैसों के हमदर्द, न तो मातम मना रहे हैं और न ही प्रतिक्रिया में कोई सख्त टिप्पणी कर रहे हैं। उन्हें हिंदुओं से कोई सरोकार नहीं है, जबकि वे भारत मूल के ही हैं। क्या हिंदुओं के साथ भाईचारा महज दिखावटी और बयानबाजी का ही है?

दुनिया में मुसलमानों की दूसरी सबसे बड़ी आबादी, करीब 21 करोड़, भारत में रहते हैं। वे कई मायनों में एक ताकतवर वोट बैंक हैं। यदि ऐसे देश में मुस्लिम आबादी घोषित आतंकवादी नसरल्लाह के मारे जाने पर मातम मनाती है, तो उसके कई संकेत हो सकते हैं। महज चुनाव के लिए इतने आयोजन नहीं किए जा सकते। यदि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी सरीखी पार्टियां ही ऐसे मातमी प्रदर्शन आयोजित कराती हैं, तो यह देशद्रोह भी है। सवाल है कि क्या इतने बड़े समुदाय को नियंत्रित किया जा सकता है? छोटे-छोटे मुद्दों पर हंगामा बरपने लगता है।

मुस्लिम बहुसंख्यक होने की धमकियां दी जाती हैं। ये भारत के लिए खतरनाक संकेत हैं, क्योंकि उसकी आबादी के दो प्रमुख घटकों के बीच ही तनाव की स्थितियां हैं। इन पर सरकार को गंभीरता से मंथन करना होगा। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को भी पूरी तरह नकेल देनी होगी। कश्मीर घाटी में रोज कहीं न कहीं आतंकवादियों और पुलिस की मुठभेड़ें हो रही हैं। इनमें आतंकवादी भी मारे जा रहे हैं और हमारे जवान भी शहीद हो रहे हैं। आखिर कब यह आतंक खत्म होगा। राजनीतिक दलों को दहशतगर्दों के समर्थन से बाज आना चाहिए। देश आज विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है तो कई लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। किसी दहशतगर्द या आतंकी का समर्थन किसी भी सूरत में जायज नहीं ठहराया जा सकता। ऐसी हरकतें देश के अमन और चैन के लिए खतरे का संकेत हैं। वहीं ये हरकतें सोचने को भी मजबूर करती हैं कि इन सबके पीछे कोई वोट बैंक की राजनीति है या फिर देष तोड़ने की कोई गहरी बाहरी और आंतरिक साजिश।

## कविता

सुकून एक भरम सही भरम  
भी जरूरी है  
जिन्दगी जीने की यही तो मजबूरी  
है

होंगे आप शहनशाह अपने ही घर  
में  
नौकरी में तो करनी होगी जी  
हजूरी है

मन तो चाहता है परिंदा बन जाए  
जमी की कशिश आदम की  
कमजोरी है

सूरज रोज आंगन में आकर बैठ  
जाता है लोग कहते है उसकी तो  
बहुत दूरी है

चाँद के आगोश में चाँदनी खोई है  
आया सूरज रह गई रात भी अधूरी  
है

हरि भारद्वाज

## प्रौद्योगिकी के युग में पालन-पोषण की चुनौतियाँ

**विजय गर्ग**

**हालाँकि** चुनौतियाँ वास्तविक हैं, इसलिए समाधान भी हैं - अनुकूलन और धैर्य इस डिजिटल समय में सफल पालन-पोषण की आधारशिला बने हुए हैं इन दिनों बातचीत इस बात पर जोर देती है कि जीवन कितना चुनौतीपूर्ण हो गया है और अशांत समुद्र में सर्फिंग करना उतना आसान नहीं है जितना पहले हुआ करता था। मुझे आश्चर्य होता है कि आधुनिक दुनिया ने हमें जो सुविधाएं प्रदान की हैं, उसके बावजूद हम इस दृष्टिकोण का आसानी से समर्थन करते हैं। जीवन की गुणवत्ता में सर्वांगीण सुधार ने हमें उस संतुष्टि की भावना लाने के मामले में कुछ खास नहीं किया है जो भौतिक संचय लाने वाला माना जाता है। इसके बजाय, हम केवल अधिक पागल और अधिक शिकायती बन गये हैं। जिन चीजों को लेकर हम शिकायत करते हैं, उनमें से एक चीज सबसे खास है - इस समय में माता-पिता बनने की कठिनाई। ऐसा नहीं है कि यह तब होता था जब हम बच्चे थे, वे दावा करते हैं और अपने बच्चों को नियंत्रण में रखने में असमर्थ हैं, चाहे वह गैजेट के उपयोग के बारे में हो या नए जमाने की सुख-सुविधाओं के लिए उनकी मांगों के बारे में हो या अच्छी सलाह का पालन करने के बारे में हो। आजकल बच्चों के बड़े होने का तरीका ऐसा होता है कि माता-पिता उस पर पकड़ नहीं बना पाते, और माता-पिता अपनी बुद्धि के अंत में होते हैं। क्या पालन-पोषण अब इतना कठिन हो गया है, हमारे माता-पिता या उनके माता-पिता के लिए पहले की तुलना में अधिक कठिन? इससे पहले कि हम इस बात पर गौर करें कि अब यह पहले से कहीं अधिक कठिन क्यों लगता है, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि पालन-पोषण हमेशा से कठिन रहा है। हमारे दादा-दादी को भले ही सोशल मीडिया की लत या लगातार सतर्क रहने की चिंता से नहीं जूझना पड़ा हो, लेकिन उनकी अपनी चिंताएं थीं- कमी, जानकारी की कमी और कम अवसर। फिर भी, वे कामयाब रहे, जैसे हम आज प्रबंधित करने की कोशिश करते हैं। तो फिर, इतना महत्वपूर्ण परिवर्तन क्या हुआ है कि माता-पिता अब लगभग निरंतर निराशा का भाव महसूस करते हैं? उदाहरण के लिए, डिजिटल युग ने न केवल हमारे जीने के तरीके को बल्कि बच्चों के पालन-पोषण के तरीके को भी बदल दिया है। सोशल मीडिया, यूट्यूब, वीडियो गेम- ये सभी ध्यान भटकाने वाले सिर्फ मनोरंजन के साधन नहीं हैं; वे बच्चों के सोचने, कार्य करने और यहां तक ??कि वास्तविकता को समझने के तरीके को आकार देते हैं।

माता-पिता अक्सर इस डिजिटल हमले के सामने शक्तिहीन महसूस करते हैं, वे अनिश्चित होते हैं कि सत्तावादी या अपने बच्चों की दुनिया से कटे बिना स्क्रीन समय का प्रबंधन कैसे किया जाए। जिस गति से प्रौद्योगिकी विकसित हो रही है, उससे यह संघर्ष और भी तीव्र हो गया है। जब तक माता-पिता को एक ऐप या प्लेटफॉर्म पर नियंत्रण मिलता है।

## विचार

# विश्व-युद्ध की पृष्ठभूमि में इजरायल, हमास, लेबनान

**संजीव**

**अंतर्राष्ट्रीय** न्यूज एजेंसी के अनुसार वैश्विक युद्ध की भूमिका वैसे तो इसराइल और फिलिस्तीन युद्ध ने पहले से ही रख दी थी हिजबुल्ला लड़ाको ने इजराइल फिलिस्तीन हमास युद्ध के बीच कूद कर युद्ध में आग में घी का काम किया है। इसके अलावा लेबनान ने इस युद्ध में अपने को शामिल अपनी आहुति दे दी। इसराइल ने जिस तरह लेबनान में छिपे हिजबुल्ला के आतंकवादियों को चुन चुन कर निशाना बनाया और उसमें कमांडर नसरूल्लाह की हत्या ने पूरे ईरान और शिया समुदाय को हिलाकर आक्रोशित कर दिया है। ईरान ने इसे अपना प्रतिष्ठा का प्रश्न बनकर लगभग 300 टारगेटेड मिसाइल इसराइल पर दाग कर विश्व युद्ध की भूमिका तैयार कर दी है। यह अलग बात है कि इजरायल अब अमेरिका के नियंत्रण से बाहर हो गया अमेरिका और यूरोपीय देश अपनी प्रतिबद्धता के कारण इसराइल को समर्थन दे रहे हैं। अब इसराइल बेलगाम होकर ईरान लेबनान और हमास के आतंकवादियों पर खुलकर हमला कर उन्हें नेस्तनाबूत करने पर उतारू है। इसराइल के इस युद्ध में अरबो रुपए खर्च हो चुके हैं उधर ईरान ने भी लगभग 30 करोड़ की मिसाइल से अपना हमला कर इरादे साफ कर दिए हैं कि अब ईरान भी रुकने वाला नहीं है। इन सब युद्ध की गतिविधियों से विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ गई है और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध बन गया है। उधर अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैसे भी रूस यूक्रेन युद्ध को दो साल से ज्यादा हो चुके हैं और युद्ध रोकने के जितने भी प्रयास है असफल हो चुके हैं वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका रूस-यूक्रेन और इजरायल हमास, फिलिस्तीन, लेबनान और ईरान युद्ध को हर संभव तरीके से रोकना होगा होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरूआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। दावा किया गया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की मुलाकात भी हुई थी दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। तब शी जिनपिंग ने पुतिन से ओलंपिक खेलों के होते तक सैन्य अभियान रोकने की बात कही थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध करेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# गड्ढों से विकास की ओर

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**हमारे** सड़क मंत्री साहब कहते हैं कि भारतीय सड़कें तेजी से प्रगति कर रही हैं। बात बिल्कुल सही है। सड़कों की प्रगति तो मानो रुकती ही नहीं। ये सड़कें मुम्बई से दिल्ली तक प्रगति करती हुई जाती हैं और फिर दिल्ली से मुम्बई तक लौट आती हैं। अब बीच में कहीं गड्ढे आ जाएं, ट्रैफिक जाम लग जाए, या सड़क खुदाई हो जाए झ यह तो छोटी-मोटी बातें हैं। आखिर, प्रगति की राह में थोड़ी रुकावटें तो आनी ही हैं। अरे, जब देश की प्रगति में रोड़े अटकते हैं, तो यह तो बस बेचारी सड़कें हैं। देखिए, हम भारतीयों में एक आदत है—हर सफर से पहले बोलते हैं, "ईश्वर आपकी यात्रा सफल करें।" अब भला यह रोजमर्रा की बात में भगवान को क्यों घसीटते हैं? कारण साफ हैः सड़क के बिना आपका है ही कौन? वही तो एकमात्र है, जिसके नाम पर आप जगह भी पा जाते हैं और सफर भी कर लेते हैं।

जब सड़कों का आविष्कार नहीं हुआ था, तब यात्राएं कष्टदायक थीं। और आज, जब सड़कें बन चुकी हैं, तो यात्राएं **अब भी** कष्टदायक हैं। क्या कमाल है! हमने प्रगति की है, पर अपना इतिहास नहीं छोड़ा। उस समय भी दुर्दशा थी, आज भी है। ये सड़कें विदेशी तकनीक से बनी हैं, लेकिन इन्हें न हमारे नसीब बदलने की फुर्सत है, न हमारे चरित्र। भारतीय सड़कें हमें यह सिखाती हैं कि बड़े आराम की मंजिलें, छोटे-छोटे कष्टों से पार होती हैं। मान लीजिए आप शादी के लिए ससुराल जा रहे हैं। महीने भर पहले बुकिंग कराई है, और घंटों पहले आप बस स्टैंड पर पहुंच गए। आपको लगा, आज तो सफर सुकून भरा होगा। लेकिन जैसे ही बस चलने लगती है, आपको पता चलता है कि सड़क पर जाम है। अब बस रेंग रही है, और आपका ससुराल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा। लेकिन याद रखिए, ससुराल का बड़ा आराम, छोटे-छोटे कष्टों से ही पार होता है। यही तो प्रगति है! इसी तरह, बड़ी पीड़ा के सामने छोटी पीड़ाएँ नगण्य होती हैं। मान लीजिए, आपके पिता जी का निधन हो गया। (मुझे माफ करें, मैं बस एक उदाहरण दे रहा हूँ। भगवान उनकी लंबी उम्र करें, अगर वो पहले ही न चले गए हों)। आपको खबर मिलती है, और आप तुरंत अपने गांव जाने के लिए सड़क पर उतर जाते हैं। सड़क के गड्ढे, धक्के, धूल—सबकुछ सह लेते हैं, क्योंकि बड़े दुख के आगे यह छोटी तकलीफें कौन देखता है? अब एक और उदाहरण लें—एक कुंवारे लड़के को उसके दोस्त से खबर मिलती है कि वो लड़की, जिससे उसकी शादी तय हो रही है, होशंगाबाद में अपने मामा के घर आई है।

## लव जिहाद और चुप्पी का खेल

डॉ. सुरेश कुमार

**दोनों** की कहानी एक जैसी थी। बस फर्क इतना था कि सुनीता ने जहाँ मुस्लिम लड़के से प्यार में पड़कर खुद के कई टुकडे करवाए वहीं अनीता अपने ही धर्म के लड़के के प्यार में पड़कर सुनीता जैसा हाल करवाया। बस फर्क इतना था कि सुनीता की खबर को मीडिया ने जितनी हाइप उतनी अनीता को नहीं दी। इसी को लेकर सुनीता और अनीता ऊपर की दुनिया में, आपस में बातचीत कर रही थीं। सुनीता, जो एक मुसलमान लड़के के प्यार में पड़कर लव जिहाद का शिकार हुई थी, और अनीता, जो एक हिंदू लड़के के हाथों कई टुकड़ों में बंट चुकी थी, दोनों ने एक-दूसरे से अपनी कहानी साझा करने का फैसला किया।

**सुनीता: (हंसते हुए)** अरे अनीता, देखो तो हमारी ज़िंदगी का क्या हाल है! मैं तो यहाँ ऊपरी दुनिया में हूँ, लेकिन मेरी कहानी तो अभी भी जमीन पर गूंज रही है। टीवी पर, सोशल मीडिया पर, हर जगह लव जिहाद का हायप है। सब लोग मेरी बात कर रहे हैं। अनीता (थोड़ी निराशा से) हाँ, तुम्हारी बात तो सही है। मुझे देखो, मुझे तो कोई जानता भी नहीं।

मेरे टुकड़े हुए और सब खामोश। मानो मेरे टुकड़े होने के बाद खून-मांस का मंजर न होकर पवित्र फूलों का दृश्य बन गया हो। हिंदू लड़के के इर कार्य को किसी ने नोटिस भी नहीं किया।

**सुनीता: (हंसते हुए)** तुमने सही कहा। मीडिया तो हमेशा से एक तरफा है। जब तुम्हारी तरह एक हिंदू लड़का ऐसा करता है, तो वो तो "पवित्र प्रेम" हो जाता है। और जब मैं लव जिहाद का शिकार होती हूँ, तो जैसे पूरी दुनिया को मेरे पर जुल्म हुआ है!

**अनीता: (हंसते हुए)** सच में! ये लोग हमसे प्यार नहीं करते, बल्कि कहानियों को बढ़ाने का एक जरिया ढूंढते हैं। लव जिहाद की स्टोरी ने तो टीआरपी के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए, लेकिन मैं? बस एक संख्या बन गई।

**सुनीता: (ध्यान में)** अरे अनीता, तुम सोच रही हो न कि क्या होगा अगर हम दोनों की कहानियाँ उलट-पुलट कर दी जाएँ? क्या होता अगर मैं एक हिंदू लड़के के साथ होती और तुम मुसलमान लड़के के साथ?

**अनीता: (हंसते हुए)** तो फिर तुम्हारे साथ नाटक होता, जबकि मेरे साथ "पवित्र कार्य" का तमाशा होता! मैं तो टुकड़ों में बंटी होती, लेकिन कोई नहीं बोलता। क्योंकि मैं तो अपने धर्म में ही मर गई, है न?

## न्यूज फ्लैश

### गुरुग्राम की सबसे बड़ी डांडिया नाइट के लिए एयरिया मॉल तैयार

**गुरुग्राम।** इस त्यौहारी सीजन में गुरुग्राम के प्रमुख रिटेल और मनोरंजन केंद्रों में से एक एयरिया मॉल शहर की सबसे भव्य डांडिया नाइट का आयोजन करने की तैयारी कर रहा है। इस डांडिया नाइट में संगीत, नृत्य और संस्कृति का एक जीवंत मिश्रण होगा, जिसमें प्रसिद्ध गायिका ज्योतिका टांगरी मुख्य भूमिका में होंगी, जो अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली आवाज से उत्सव का माहौल बनाएंगी। उनके साथ डीजे प्रतीक भी अपनी शानदार धुनों से दर्शकों का उत्साह बढ़ाएंगे, जिससे हर कोई बिना रुके डांडिया का आनंद ले सकेगा। यह कार्यक्रम सिर्फ म्यूजिक और डांस तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सम्पूर्ण सांस्कृतिक उत्सव है। उत्सव को और भी खास बनाने के लिए, एयरिया मॉल ने कई तरह के पारंपरिक खाद्य स्टॉल तैयार किए हैं, जो इस कार्यक्रम में स्वाद का असली जायका पेश करेंगे। उत्साह को और बढ़ाने के लिए, पूरे आयोजन स्थल पर समर्पित फोटो-ऑप जोन बनाए जाएंगे, जो मेहमानों को शाम की यादों को कैद करने के लिए एक बेहतरीन पृष्ठभूमि उपलब्ध कराएंगे। मनोरंजन और संगीत के साथ, एयरिया मॉल में डांडिया नाइट में शामिल होना दरअसल लोगों के लिए एक यादगार और शानदार उत्सव होगा। इस इवैंट में प्रवेश मामूली शुल्क पर उपलब्ध है, जो सभी के लिए एक मजेदार, रंगारंग शाम का वादा करता है।




### विनय कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

**नोएडा।** विनय कॉरपोरेशन लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("डीआरएचपी") दाखिल किया है। इस ऑफर में रु10 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है, जिसका कुल मूल्य रु1500 मिलियन (रु150 करोड़) है ("नया इश्यू")। साथ ही इसमें विक्रय शेयरधारकों द्वारा 22,213,852 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश ("ऑफर फॉर सेल") भी शामिल है। विनय कॉरपोरेशन लिमिटेड दोपहिया वाहनों, तिपहिया वाहनों, यात्री वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों के लिए ऑटोमोटिव कोम्पोनेंट्स की एक विस्तृत रेंज की डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति और निर्यात करता है। कंपनी के प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो में स्टीयरिंग व्हील स्विच, गियर शिफ्टिंग पैडल, लाइट कंट्रोल यूनिट, ब्रेक पेडल स्विच और सेंसर, मल्टीमीडिया प्लग और एयरबैग ऑन/ऑफ स्विच (या तो नजर आने वाले स्विच या छिपे हुए स्विच) ("मेकाट्रॉनिक उत्पाद") और वायरिंग हार्नेस, फ्यूज बॉक्स, तार, केबल, टर्मिनल और कनेक्टर ("कनेक्टिव उत्पाद") शामिल हैं। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई") में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। ("लिस्टिंग विवरण") आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड और एक्सिस कैपिटल लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। ("बीआरएलएम")

### हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के दौरान एग्जिट पोल पर रहेगी पाबंदी: जिलाधीश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिलाधीश उत्तम सिंह ने आदेश जारी करते हुए बताया कि भारत चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के चलते लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-126 क की उपधारा एक व भारत आयोग की अधिसूचना की उपधारा 2 के दृष्टिगत 5 अक्तूबर को शाम 6.30 बजे तक मतदान समाप्ति के आधे घंटे बाद तक कोई भी व्यक्ति और मीडिया किसी भी प्रकार का एग्जिट पोल का आयोजन नहीं कर सकता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा का कोई उल्लंघन करता है तो उसको दो वर्ष तक का कारावास या जुमार्ना अथवा दोनों दंड दिए जा सकते हैं। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना की जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता का पालन करना सभी का कर्तव्य है। हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क व भारत निर्वाचन आयोग की उप धारा दो के उपबंधों के दृष्टिगत कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा। इसके अलावा किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम को प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन, प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति में प्रचार नहीं करेगा।

# महेंद्रगढ़ विधानसभा के 220 बूथों पर 209992 मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग

## मतदान का समय प्रातः सात से शाम छह बजे तक निर्धारित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। विधानसभा** चुनाव के लिए पांच अक्टूबर को होने वाले मतदान के लिए महेंद्रगढ़ के 220 बूथों पर 209992 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम संजीव कुमार ने शुक्रवार को राजकीय कॉलेज से पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण के बाद ईवीएम व चुनावी सामग्री देकर रवाना किया। एसडीएम ने बताया कि सभी पोलिंग पार्टियां शनिवार को मतदान के बाद ईवीएम व चुनावी सामग्री को पीआर सेंटर नारनौल में जमा कराएंगी। इनके मतों की गणना पीआर सेंटर नारनौल में होनी है। ऐसे में यह सभी पार्टियां वहीं पर अपना सामान जमा कराएंगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के मतदान का समय सुबह सात से शाम छह बजे तक निर्धारित किया गया है। चुनाव आयोग के निदेर्शों के अनुसार मतदान की शुरूआत से पहले प्रातः 6 बजे मॉक पोल किया जाएगा। इसके लिए एजेंट को भी सूचना दी गई है। अगर कोई भी एजेंट निर्धारित समय सुबह छह बजे नहीं पहुंचता है तो 10 मिनट इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मॉक पोल शुरू कर दिया जाए।

मतदान के लिए आने वाले नागरिकों को अपने साथ वोटर आईडी लेकर आना होगा। अगर किसी नागरिक के पास वोटर आईडी नहीं है तो केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी कोई भी फोटो युक्त अधिकृत पहचान पत्र दिखाया जा सकता है। इसके लिए सभी पोलिंग पार्टियों को अच्छी तरह से प्रशिक्षित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह सभी पार्टियां अपने अपने बूथ पर रहेंगी तथा पांच को मतदान होने के बाद वापस पीआर सेंटर नारनौल में पहुंचेंगे। इन सभी पार्टियों को शुक्रवार को ही अंतिम प्रशिक्षण के दौरान अपने-अपने बूथों की जानकारी दी गई है। एसडीएम संजीव कुमार ने सभी पोलिंग पार्टियों को बसों में बैठा कर रवाना किया।



## रामलीला परिषद् में ताड़का वध की लीला का हुआ मंचन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। रामलीला परिषद्** के राजा राम पालड़ी रंगमंच पर ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया। लीला का शुभारंभ लक्ष्मीनारायण अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अन्नू यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। डॉ. अन्नू यादव ने कहा कि संस्कारों को बचाने के लिए रामलीला परिषद् का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राम की मानवीय लीलाओं से अखंड भारत का निर्माण होता है। ताड़का वध की लीला में दशरथ के अभिनय में दलीप गोस्वामी विश्वामित्र के अभिनय में सतीश श्रवण, राम व लक्ष्मण के अभिनय में दीपेंद्र प्रजापत व विहान प्रजापत ने निभाया।

**60 फुट ऊंचाई से गर्जना कर आई ताड़का**

रामलीला परिषद् के दृश्य आकाश मार्ग से ताड़का का आना लोगों को अपनी ओर आकृषित किया। ताड़का का अभिनय विजय सैनी उर्फ बिट्टू ने किया। हास्य कलाकार विकास तिवाड़ी व उनकी टीम ने श्रद्धालुओं को खूब हंसाया।

## हकेंवि विशेषज्ञ व्याख्यान का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय** में आईईईई दिवस पर स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग व आईईईई छात्र शाखा द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्मार्ट ग्रिड प्रबंधन में पावर क्वालिटी मैनेजमेंट विषय पर केंद्रित इस विशेषज्ञ व्याख्यान में पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज सहायक आचार्य डॉ. अजय कुमार विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आयोजन के लिए स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को बधाई दी।

## 16 मतदान केंद्रों को दिया गया मॉडल वोटिंग बूथ का रूपः यश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह के मार्गदर्शन में विधानसभा आम चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता के लिए जिला करनाल में चल रही स्वीप गतिविधियां अपने अंतिम दौर में हैं। अब यह अभियान मतदान केंद्रों तक पहुंच चुका है। जिला की पांच विधानसभाओं के लिए 16 मतदान केंद्रों को स्वीप गतिविधियों के तहत 5 अक्तूबर को होने वाले मतदान के लिए बेहतर तरीके से सुसज्जित किया गया है। ये सभी 16 मॉडल वोटिंग बूथ मतदाता को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। इससे अवश्य ही मतदान प्रतिशतता को बढ़ावा मिलेगा। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने बताया कि नीलोखेड़ी के बूथ नंबर 72 को वोटर बैज व सजावट के साथ आकर्षक बनाया गया है। इसी प्रकार नीलोखेड़ी के बूथ नम्बर 101 जो कि तरावड़ी में स्थित है, उसमें भी सजावट के साथ वोटर प्रदर्शनी रूम स्थापित किया गया है। शामगढ़ में बूथ नम्बर 157 पर पोस्टर रूम स्थापित करते हुए सजावट की गई है। निसिंग के बूथ 201 पर भी मतदाता जागरूकता के लिए सजावट की गई है, जबकि 193 पर संबंधित विषय पर थैले प्रदर्शित किए गए हैं। इंद्री मे भी बूथ नंबर 65 व 66 पर इसी प्रकार की गतिविधिया की गई हैं। इंद्री के बूथ 80 पर वॉल पेंटिंग व सजावट की गई है। करनाल विधानसभा क्षेत्र के बूथ नम्बर 151 व 152 पर बायोडिग्रेडेबल पॉली बैग रखे जाएंगे। करनाल के बूथ संख्या 219, 220 व 221 तथा घरौंडा विधानसभा के बूथ 170 से 174 पर सजावट के साथ वोटर प्रदर्शनी रूम स्थापित किया जाएगा। इसी प्रकार असंध विधानसभा के बूथ संख्या 69 जलमाना मे भी पॉली बैग, गांव राहड़ा में बूथ संख्या 94 पर सजावट के साथ वॉल पेंटिंग, गांव बालरांगड़ान में बूथ संख्या 132 पर वोटर बैज व सजावट से सम्बंधित गतिविधियां की गई है। असंध के ही बूथ संख्या 175 और 187 पर पोस्टर व सजावट का कार्य मतदाता को आकर्षित करेगा।




## मतदाता निर्भिक होकर अपने मताधिकार का करें सदुपयोग: मोहित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पुलिस** अधीक्षक मोहित हाण्डा ने कहा कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार मतदान दिवस पर शांतिपूर्ण मतदानों के लिए जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा चुके हैं। हरियाणा पुलिस व होमगार्ड के जवानों की तैनाती बुथों की सुरक्षा में की गई है। इसके अतिरिक्त हर प्रकार की कानून व्यवस्था को लेकर केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवानों को भी तैनात किया गया है। सुरक्षा के मद्धेनजर बुथों एवं गांव- वार्डों में गस्त के लिए 86 पैटेलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में एक उप पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी व एक निरीक्षक रैंक के अधिकारी को सहायक नोडल लगाया गया है, जो क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल के साथ गस्त करेगें व क्षेत्र में होने वाली हर हरकत पर नजर रखेगें। इसके अलावा हर प्रबंधक थाना को पर्याप्त बल दिया गया है, केन्द्रीय सुरक्षा बल की टुकडि?ां भी किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए हर डीएसपी को मुहैया कराई गई है। उनके द्वारा ईआरवी पर तैनात कर्मीयों को विशेष निर्देश दिए गए कि मतदान संबंधी शिकायत की सुचना पर तुरंत व तीव्रता से करें कार्यवाही।

## पोलिंग पार्टियां करनाल विस सीट के मतदान केंद्रों के लिये रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। 5 अक्तूबर को** होने वाले विधानसभा चुनाव के लिये पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को डीएवी सीनियर सेकंडरी स्कूल से ईवीएम सेट व अन्य चुनाव सामग्री को लेकर मतदान केंद्रों के लिये रवाना हो गईं। इससे पहले उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने पोलिंग पार्टियों को कुछ जरूरी हिदायतों से अवगत कराते हुये पूरी निष्ठा व ईमानदारी से चुनावी ड्यूटी करने की अपील की। करनाल विधानसभा सीट-21 के लिये 234 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। हलके में मतदाताओं की संख्या 2 लाख 66 हजार 616 है। इनमें एक लाख 37 हजार 510 पुरूष और एक लाख 29 हजार 101 महिला मतदाता हैं। ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या पांच है। विधानसभा क्षेत्र में 75 माइक्रो आब्जर्वर, 9 सेक्टर मेजिस्ट्रेट और 18 सेक्टर सुपरवाइजर लगाये गये हैं। दिव्यांग मतदाताओं के लिये एसडी मॉडल स्कूल (बूथ नंबर 138) करनाल, महिलाओं के लिये पिंक बूथ नंबर 176 (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेम नगर करनाल) और युवाओं के लिये पंडित चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय सेक्टर 14 में बूथ नंबर 53 स्थापित किया गया है। पोलिंग टीमों को आज यहां डीएवी सीनियर सेकंडरी स्कूल में ईवीएम सेट व अन्य चुनाव सामग्री वितरित की गई। इस सामग्री में कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवीपैट के अलावा ग्रीन पेपर सील, स्पेशल टैग, पिंक पेपर सील, बैलेट पेपर (टेंडर वोट के लिये), ब्रेल बैलेट सीट, वोटिंग कंपार्टमेंट, कॉमन एड्रेस टैग, बूथ स्टैंप, मतदाता सूची की चिह्नित प्रति, मतदाता सूची की कार्यशील प्रति, एएसडी (अनुपस्थिति, शिफ्टिड, डेड) मतदाताओं की सूची तथा विभिन्न प्रकार के फार्म शामिल हैं। पोलिंग पार्टियां 46 बसों में निर्धारित मतदान केंद्रों के लिये रवाना हो गईं।



## भगवान राम व लक्ष्मण ने ताड़का का वध कर फूंका 30 फुट का पुतला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। शहर की** सब्जी मंडी के नजदीक स्थित श्री आदर्श रामलीला के रंगमंच पर चौथे दिन ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया। लीला के मंचन में मुख्यातिथि खेड़ी तलवान के सरपंच रामनिवास बंसल, विशिष्ट अतिथि रमेश परतापुरिया, नीरज मित्तल, प्रवीण पवार, अधिवक्ता मोनू सोनी, राजन खुराना, सोनू सोनी, हरसुल गोयल, रहे। कमेटी सदस्यों ने मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथियों का फूल माला पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने भगवान गणेश और मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। लीला के दौरान सुबाहु व मारीच नामक राक्षसों द्वारा महर्षि विश्वामित्र यज्ञशाला खंडित करने पर महर्षि विश्वामित्र उन पर क्रोधित होकर अपने यज्ञ की रक्षा के लिए दशरथ के दरबार में जाकर उनके दोनों पुत्र राम व लक्ष्मण को अपने साथ लेकर आते, जब वह घने जंगल के रास्ते से जाते हैं तो उन्हें भयंकर ताड़का नामक राक्षसी मिलती हैं, जिससे राम व लक्ष्मण युद्ध कर उसका वध कर देते हैं। इसके बाद रामलीला ग्राउंड में 30 फुट के विशालकाय ताड़का के पुतले का दहन किया गया। लीला के दौरान ताड़का के अभिनय में शुभम तिवारी, मारीच राहुल यादव, सुबाहु कुलदीप सैनी, दशरथ हरिशंकर कौशिक, राम मानव यादव, लक्ष्मण नक्ष यादव, महर्षि विश्वामित्र का अभिनय अजय गोस्वामी ने निभाया। इस मौके पर रामलीला पूर्व प्रधान हरिसिंह यादव, मनोहर लाल यादव, लक्ष्मी नारायण सैनी, ललित एडवोकेट, प्रकाश सैनी, भगवान दास सैनी, प्रेम सैनी, राजेंद्र शर्मा, ईश्वर यादव कंडक्टर, दिवाकर शर्मा, दीपू सिंगला, विजय फूल वाला, राजेश सोनी, पवन, गोविंद राम सैनी, सुरेश गोस्वामी, ललित यादव, जोगेंद्र सेठ, मोई गुर्जर, अभिषेक, नरेश खन्ना, कपिल सैनी, तपिश शर्मा, रवि यादव, साहिल यादव, अनिल सैनी, दीपक गोयल, केशव गोयल, पुरुषोत्तम गोयल, रोहित, कर्म खन्ना, संदीप यादव सहित कमेटी के पदाधिकारी व कलाकार उपस्थित रहे।

## पोलिंग पार्टियां चुनाव सामग्री लेकर अपने-अपने बूथों के लिए रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। रिटर्निंग अधिकारी** एवं एसडीएम अशोक कुमार ने कहा कि 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में कार्यरत संबंधित सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा से करें।

चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने में अधिकारियों व कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर घबराएं नहीं बल्कि इसकी सूचना संबंधित सेक्टर सुपरवाइजर व ड्यूटी मजिस्ट्रैट को दें। एसडीएम अशोक कुमार शुक्रवार को दयाल सिंह कॉलेज में पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री वितरित करने से पूर्व पोलिंग पार्टियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने पोलिंग पार्टियों को फाईल रिहर्सल के बाद चुनाव सामग्री वितरित करके उन्हें अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना किया। उन्होंने पोलिंग पार्टियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर आज शाम को ही मतदान प्रक्रिया से संबंधित सभी आवश्यक प्रबंधों को ठीक प्रकार से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने का पानी, शौचालय, शैड, दिव्यांगों के लिए रैंप, व्हीलचेयर उपलब्ध करवाए गए हैं। मतदान 5 अक्टूबर को प्रातः7 बजे शुरू हो जाएगा इसलिए सुबह 5:30 बजे पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में मॉक पोल की प्रक्रिया को अवश्य करें। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया सायं 6 बजे तक चलेगी। किसी भी बूथ पर ईवीएम शाम 6 बजे से पहले बंद नहीं होने चाहिए और 6 बजे तक जितने भी मतदाता लाइन में लगे हों उन सभी की वोट अवश्य करवाएं। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग द्वारा निगरानी रखी जाएगी। मतदान केंद्र में केवल पीठासीन अधिकारी व माइक्रो ऑब्जर्वर को ही मोबाइल ले जाने की अनुमति रहेगी। उन्होंने बताया कि नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में 230 बूथ स्थापित किए गए है जिनके लिए 265 पोलिंग पार्टियां नियुक्त की गई हैं, जिसमें 35 पार्टियों को रिजर्व रखा गया है, इसके अलावा सभी बूथों पर निगरानी के लिए 17 सेक्टर सुपरवाइजर व 75 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। नीलोखेड़ी विधानसभा में मतदाताओं की सुविधा के लिए एक पिंक बूथ नंबर 73, एक दिव्यांग बूथ नंबर 103, एक युवा बूथ नंबर 53 तथा 5 मॉडल बूथ नंबर 72, 101, 193, 201 व 157 बनाए गए हैं।



## मतदाता बिना दबाव व लालच के करें अपने मताधिकार का प्रयोग: उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि हरियाणा विधानसभा के आम चुनाव के लिए 5 अक्तूबर को ईवीएम के माध्यम से प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान होगा। प्रशासन द्वारा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं तथा सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग से पूरी मतदान प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला के मतदाताओं से अपील की कि वे बिना दबाव तथा बिना किसी लालच के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान अफवाहों पर ध्यान न दें, अगर कहीं आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को दी जाए। प्रशासन द्वारा तत्परता से कड़ा संज्ञान लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी सभी पोलिंग पाटीर्यां चुनावी सामग्री लेकर अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के संबंधित पोलिंग बूथों पर पहुंच गई हैं और वहीं पर रात्रि ठहराव करेंगी। पोलिंग पाटीर्यों द्वारा शनिवार 5 अक्तूबर को प्रातः 5.30 बजे पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में मॉक पोल की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद ठीक 7 बजे मतदान शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी पोलिंग पाटीर्यों को प्रशिक्षण के दौरान मतदान की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है और विशेष तौर से यह भी बताया गया है कि मतदान समाप्ति होने के निर्धारित समय 6 बजे से पहले जो भी मतदाता लाइन में मतदान के लिए खड़ा होगा, उन सभी का मतदाताओं की वोट अवश्य पोल करवाई जाए।

**मतदान केंद्रों में मोबाइल फोन ले जाने पर रहेगी पाबंदी**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला में सभी मतदान केंद्रों से 100 मीटर की परिधि में किसी भी सेलुलर फोन, कॉर्डलेस फोन, वायरलेस फोन आदि को ले जाने और उपयोग करने पर पाबंदी रहेगी। मतदान केंद्रों में केवल पीठासीन अधिकारी व माइक्रो ऑब्जर्वर को ही मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति रहेगी। पोलिंग बूथ से सौ मीटर की परिधि में प्रचार के लिये पोस्टर, बैनर का प्रयोग नहीं किया जा सकता।

**मतदान केंद्रों में केवल अधिकृत व्यक्ति ही कर सकेंगे प्रवेश**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों में केवल मतदाता, पोलिंग अधिकारी, उम्मीदवार/उसका एक एजेंट, आयोग अथवा जिला चुनाव अधिकारी द्वारा अधिकृत व्यक्ति, चुनाव डयूटी पर तैनात कर्मचारी, गोद में बच्चा लिये मतदाता, नेत्रहीन व अशक्त मतदाता के साथ उनका सहयोगी, ऐसा व्यक्ति जिसे पीठासीन अधिकारी द्वारा समय-समय पर मतदाता की पहचान के लिये बुलाया गया हो, ही प्रवेश कर सकता है। ड्यूटी पर तैनात लोक सेवकों में केंद्र व राज्य के मंत्री, राज्य मंत्री अथवा उपमंत्री शामिल नहीं है। आयोग के दिशानिदेर्शानुसार उन्हें अपने सुरक्षा गार्ड के साथ मतदान केंद्र में जाने की अनुमति नहीं है। मंत्रियों की सुरक्षा में लगे कर्मचारी पोलिंग अथवा मतगणना एजेंट नहीं बन सकता। सुरक्षा कर्मचारी को मतदान केंद्र में जाने की अनुमति नहीं है।

## माता भूरा मंदिर में हुई मां ब्रह्माचारिणी की पूजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। नवरात्रि के** दूसरे दिन माता भूरा भवानी मंदिर में मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्माचारिणी की पूजा अर्चना की गई। मंदिर महंत शक्तिनाथ महाराज ने बताया कि नवरात्री के दूसरे दिन देवी दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की जाती है। इनको ज्ञान, तपस्या और वैराग्य की देवी माना जाता है। कठोर साधना करने की वजह से और ब्रह्म में लीन रहने की वजह से इनको ब्रह्मचारिणी कहा जाता है। मंदिर कमेटी सदस्य मुकेश चौहान ने बताया कि नवरात्रों में मंदिर में महंत शक्तिनाथ महाराज के सानिध्य में रोजाना हवन किया जाता हैं और रात्रि में दुर्गा स्तुति पाठ किया जा रहा हैं। सिद्ध पीठ मां भूरा भवानी के दरबार में नियमित अखंड ज्योत जल रहीं हैं। नवरात्रों में सुबह व शाम सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पूजा पाठ करने आते हैं। मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर में रंग-बिरेंगी सुंदर लाईटों से सजाया गया हैं।



## न्यूज फ्लैश

### मतदान हमारा अधिकार और कर्तव्य- एडवोकेट अंकित गुप्ता



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव व विश्व मानव अधिकार एवं सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने हरियाणा के नागरिकों से 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में 100% मतदान करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार और कर्तव्य है, और हमें इसका उपयोग करके अपने भविष्य को आकार देना चाहिए। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में, चुनाव एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसके माध्यम से नागरिक सरकारी नीतियों और नेतृत्व को प्रभावित कर सकते हैं । यह हमें अपनी राजनीतिक राय व्यक्त करने और अपने वोट देकर उपलब्ध उम्मीदवारों में से चुनाव करने का अवसर प्रदान करता है। हमें अपने राज्य के भविष्य के लिए जिम्मेदार नेताओं का चयन करना होगा। इस अवसर पर, एडवोकेट अंकित गुप्ता ने युवाओं से भी अपील की कि वे अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करें और अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।मतदान करने से हम सही नेता का चुनाव कर सकते हैं और यह लोकतंत्र की जीत होती है

### जयश्री शारदा रामलीला में दिखाया भरत मिलाप



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : स्थाण्वीश्वर महादेव मंदिर मार्ग स्थित नेताजी सुभाष पार्क में गुरुवार रात्रि झांसा रोड चौंक वाली जयश्री शारदा रामलीला एवं दशहरा सोसायटी की रामलीला में भरत मिलाप और जटायु मिलन प्रसंग के दृश्य दिखाए गए। इस अवसर पर व्यवसायी केवल कृष्ण ने जयश्री शारदा रामलीला ड्रामाटिक क्लब के मंच पर पर्दे की रस्म में हिस्सा लेकर मां शारदा की आरती की। प्रधान सतीश शर्मा ने पदाधिकारियों सहित मुख्यातिथि का स्वागत करके स्मृति चिन्ह प्रदान किया। महासचिव नरेश चौधरी ने बताया कि सरपरस्त दर्शनलाल सैनी के निर्देशन में मंच पर कलाकारों में मुकेश सिसोदिया ने राम,सोनू नेगी ने लक्ष्मण,प्रिंस ने कैकेई, अमृत ने सीता,महिपाल धीमान ने भरत,चीनी भाई ने कौशल्या,गोविंद ने शत्रुघ्न,राजेश शर्मा ने वशिष्ठ,रमेश शर्मा ने जटायु,संजीव कौशिक ने सुमित्रा,अर्थव ने सुमन्त्र और लव सैनी ने केवट का अभिनय किया। बड़ी संख्या में आए दर्शकों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। इस मौके पर सरपरस्त भूषण गुप्ता, करनैल सिंह, बालकृष्ण, प्रधान सतीश शर्मा,महाप्रबंधक विजय गाबा,प्रबंधक संजीव पांडे, सचिव यशपाल सैनी, पदम धीमान,अजय ठाकुर,निर्देशक संजीव कौशिक,सतीश गाबा आदि शामिल रहे।

# 73 दिन के उपवास पर धूमधाम से मनाया पारणा महोत्सव

## आज के समय में व्यक्ति अच्छा बनने के स्थान पर अच्छा दिखना पर ज्यादा ध्यान दे रहे है: डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी

**मार्गदर्शन**

**हमारा दृष्टिकोण, हमारी सोच और हमारे कार्य यह निर्धारित करते हैं कि हम कौन हैं: मणिभद्र मुनि जी**



टीम एक्शन इडिया

**सोनीपत**: राष्ट्र संत, नेपाल केसरी, मानव मिलन के संस्थापक डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन में अच्छाई और बुराई का प्रश्न सदैव से महत्वपूर्ण रहा है। किसी भी व्यक्ति या वस्तु को अच्छाई या बुराई की परिधि में रखना, अक्सर हमारे व्यक्तिगत अनुभव, धारणाओं और सामाजिक संदर्भों पर निर्भर करता है। हमें यह समझना होगा कि अच्छाई और बुराई केवल बाहरी विशेषताएँ नहीं हैं। बल्कि, ये हमारी सोच, दृष्टिकोण और अनुभव का परिणाम हैं। किसी वस्तु की नैतिकता या अमोरलता उसके उद्देश्य और उपयोग पर निर्भर करती है। डॉ श्रीमणि बदालमणि जी महाराज गुड मंडी स्थित श्री एसएस जैन सभा जैन स्थानक में आयोजित चातुर्मास के दौरान उपस्थित भक्त जनों को संबोधित कर रहे थे। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि जैसे एक चाकू, जिसका प्रयोग भोजन बनाने के लिए किया जाता है, वह एक उपयोगी उपकरण है। लेकिन अगर उसका प्रयोग किसी को नुकसान पहुँचाने के लिए किया जाता है, तो वही चाकू बुराई का प्रतीक बन जाता है।उसी प्रकार मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, और उसकी पहचान उसके कार्यों से होती है। मनुष्य की सोच और उसके कार्य उसकी नैतिकता को परिभाषित करते हैं। जब हम किसी व्यक्ति के साथ बातचीत करते हैं या उसके कार्यों का अवलोकन करते हैं, तब हम उसके विचारों और भावनाओं को समझते हैं। यदि व्यक्ति दूसरों के प्रति सहानुभूति और प्रेम का भाव रखता है, तो वह समाज में अच्छाई का प्रतीक बनता है। इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि कोई भी व्यक्ति या वस्तु अच्छी या बुरी नहीं होती। यह उस व्यक्ति की सोच, दृष्टिकोण और उसके कार्यों पर निर्भर करता है। आत्मीयता एक ऐसा गुण है, जो व्यक्ति को उसके उच्चतम स्तर पर पहुँचाता है। जब हम दूसरों के प्रति प्रेम और सम्मान का भाव रखते हैं, तब हम समाज में अच्छाई का प्रकाश फैलाते हैं। इस प्रकार, जब आदमी में आत्मीयता आ जाती है, तो वह भगवान बन जाता है। अंत में, हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि अच्छाई और बुराई की परिभाषा हम स्वयं बनाते हैं। हमारा दृष्टिकोण, हमारी सोच और हमारे कार्य यह निर्धारित करते हैं कि हम कौन हैं। आत्मीयता और प्रेम के माध्यम से, हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं, जहाँ अच्छाई का प्रकाश हर दिशा में फैले। आज के युग में, व्यक्ति अपने आंतरिक गुणों और वास्तविक अच्छाई के स्थान पर बाहरी दिखावे पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। समाज में सफलता और प्रभावशाली छवि को ही प्रमुख मान लिया गया है, और यही कारण है कि व्यक्ति अक्सर अच्छा दिखने की कोशिश में लगे रहते हैं, बजाय इसके कि वे वास्तव में अच्छे बनें। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज सेक्टर 15 स्थित जैन स्थानक में आयोजित चातुर्मास के दौरान भक्त जनों को संबोधित कर रहे थे।

# मारपीट व जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा सम्बन्धित अपराधिक मामलों में वाछिंत आरोपियों के खिलाफ चलाए विशेष अभियान के दौरान में थाना महेशनगर दर्ज हमला करके मारपीट करते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में 2 अक्तूबर 2024 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने निरीक्षक महिन्द्र सिँह के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी विक्की निवासी निशांत बाग बीडी फ्लौर मिल के पीछे थाना महेशनगर जिला अम्बाला व साहिल निवासी सिमरन विहार बीडी फ्लौर मील के पिछे अम्बाला छावनी को गिरफ्तार किया गया । आरोपी सुमित को पहले ही गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया था। तीनों आरोपियों को आज माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता महिला ने थाना महेशनगर में 24 सितम्बर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 सितम्बर 2024 को आरोपी सुमित व अन्य ने शालीमार बाग अम्बाला छावनी में उसके परिवार पर हमला करके मारपीट करते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल को सौंप दी थी।

# शरीर दान कर अमर हुईं प्रेमलता



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद** :मारकंडा ऋषि की नगरी शाहाबाद निवासी प्रेमलता इन्सां अपने शरीर का दान कर अमर हो गई हैं। करीब 67 वर्षीय प्रेमलता के पार्थिव शरीर को उत्तराखंड के देहरादून स्थित गौतम बुद्ध मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च केंद्र में मेडिकल विद्यार्थियों के रिसर्च हेतु भेजा गया है। जैसे ही प्रेमलता के शरीर को एंबुलेंस के माध्यम से ले जाया जाने लगा, तो उपस्थित परिजनों, रिश्तेदारो, शुभ चिंतको और नगर के गणमान्य जनों ने फूलों की वर्षा कर उनको अंतिम विदाई दी। इस दौरान पूरा आसमान प्रेमलता अमर रहे के नारों से गुंजायमान हो गया। जानकारी के अनुसार शाहाबाद में विश्वास कंपलेक्स निवासी प्रेमलता पिछले लंबे समय से सेवा कार्यों में लीन रहती थी और उसने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख की प्रेरणा से मरणोपरांत शरीरदान का फार्म भरा हुआ था। गत दिवस प्रेमलता इन्सां सचखंड जा विराजी। प्रेमलता अपने पीछे दो पुत्रों अनिल इन्सां व नवीन इन्सां, पुत्रवधु सुनिधि इन्सां व ईशा इन्सां व भरे पूरे परिवार को छोड़ गई। इस अवसर पर डेरा सिरसा के 85 मेंबर प्रवीन खासपुर, प्रेमी सेवक रामेश्वर, डिंपल इन्सां, मुकेश बत्रा, सुरेश यारा, मोहन धुराला, जनक राज, ओम प्रकाश मोहड़ी, बलजीत इन्सां, पूर्व पार्षद बलदेव राज सेठी, नीरज गुप्ता, बचना राम, प्रदीप करावा, बबीता इन्सां, अनीता इन्सां, गीता इन्सां, उर्मिला इन्सां, बिमला इन्सां, सुदेश इन्सां, सुरजीत इन्सां, ठाठ सिंह, हरिराम, इंद्रसेन कथूरिया के अलावा ब्लॉक शाहाबाद यारा, धुराला, मन्धेडी की साध संगत व भारी संख्या में शहर के मौजिज लोग मौजूद रहे।

# संगीत की स्वर लहरियों से गूंजी विरासत

**संगीतमयी**

**विरासत सांझी उत्सव में शुक्रवार के दिन संगीतमयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया**




टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र**: विरासत सांझी उत्सव में शुक्रवार के दिन संगीतमयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से विरासत के मंच से संगीत की स्वर लहरियां गूंज उठी। कार्यक्रम का आयोजन ड्रीम्स म्यूजिकल क्लब के कलाकारों द्वारा आयोजित किया गया था। उल्लेखनीय है कि सांझी विरासत उत्सव में निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में ड्रीम्स म्यूजिकल क्लब ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हरियाणवी गीतों पर लोक नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। यह जानकारी विरासत के प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर ड्रीम्स म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष रेखा शर्मा, सचिव राजेश शर्मा ने आज मौसम बड़ा बेईमान है गीत गाकर पुरानी यादों को ताजा कर दिया, प्रद्युम्न ने चला जाता हूं किसी की धुन में गीत विरासत के मंच से गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया, गुरमीत ने देशभक्ति गीत जलवा-जलवा गाकर माहौल देश भक्ति से परिपूर्ण कर दिया, वंदना, सुशील एवं राजेश ने सात अजूबे इस दूनिया में आठवीं अपनी जोड़ी गीत गाकर अस्सी के दशक की यादों को ताजा किया, डॉ. विमल ने पल-पल दिल के पास तुम रहते हो गीत प्रस्तुत किया, पूजा पंडित ने हवा के साथ-साथ घटा के संग-संग गीत के माध्यम से समा बांधा, मीनू और सुशील ने जे हम तुम चोरी से बंधे एक डोरी से गीत प्रस्तुत किया। सुशील कुमार ने ओ मेरी महबूबा गीत विरासत के मंच से पेश किया। इस अवसर पर वन्दना, रूपिन्द्र, अभिषेक, सोनिया बख्शी, रिना गुप्ता, राम मूर्ति, राजेश शर्मा, सहजप्रीत, अवनीत कौर, गुरीत सिंह ने फिल्मी गीतों पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर विरासत के मंच से शानदार प्रस्तुति प्रस्तुत की। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया एवं मयंक शर्मा ने ड्रीम्स म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों को सांझी का चित्र देकर सम्मानित किया और विरासत में सांझी उत्सव के अवसर पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर डॉ. पूनिया ने ड्रीम्स म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होंगे चुनाव

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: पुलिस अधीक्षक अंबाला सुरेंद्र सिंह भोरिया आईपीएस ने कहा की विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण निष्पक्ष स्वतंत्र व सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने हेतु जिला पुलिस प्रतिबद्ध है ताकि मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके । पुलिस अधीक्षक अंबाला ने मतदान के दौरान नागरिकों से पुलिस को सहयोग करने की अपील भी की है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के मध्यनजर जिला में कुल 2813 पुलिस कर्मियों जिसमें होमगार्ड के जवान व स्पेशल पुलिस ऑफिसर सम्मिलित है की ड्यूटी लगाई गई है। जिला अंबाला में विभिन्न लोकेशन पर स्थित 968 बूथों पर मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। साथ ही सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की 8 कम्पनिया भी क्रिटिकल बूथ पेट्रोलिंग ड्यूटी इंटर स्टेट नाकों इत्यादि पर तैनात की गई है। इसी तरह जिला में कुल 44 पेट्रोलिंग



पार्टी ड्यूटी पर तैनात रहेगी। ये पेट्रोलिंग पार्टी किसी भी बूथ पर किसी भी अव्यवस्था होने की सूचना प्राप्त होने की आशंका के

**तैयारी**

**जिले में तैनात इआरवी डायल 112 वाहन दुर्गा शक्ति व क्विक रिस्पांस टीम तैनात रहेगी**

मध्यनजर 8 से 10 मिनट के समय में मौके पर पहुंचकर बूथ पर तैनात जवानों की सहायता करेगी।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के डीएसपी रैंक के नोडल पुलिस अधिकारी लगाए हुए हैं जो यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव प्रक्रिया उचित व पुख्ता सुरक्षा इंतजामों के साथ सम्पन्न हो। उनके साथ द्वितीय इंचार्ज के तौर पर इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी लगाए गए है । जिला स्तर पर भी रिजर्व प्लाटून कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयार की गई है। साथ ही जिले में तैनात इआरवी डायल 112 वाहन दुर्गा शक्ति व क्विक रिस्पांस टीम तैनात रहेगी।

# देश व समाज के कल्याण के लिए एक-एक वोट बहुमूल्य : मधुसूदन बवेजा



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र**। : ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट के चेयरमैन एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने मतदाताओं से कहा कि देश व समाज के कल्याण के लिए आपका एक-एक वोट बहुमूल्य है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में बढ़चढ़ कर अपने वोट का प्रयोग करे और अपनी मन चाही सरकार बनाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में चुनाव का महापर्व चल रहा है और इसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के हर नागरिक की सहभागिता जरूरी है। युवाओं का दायित्व है कि वे मतदान जरूर करें। बवेजा ने कहा कि प्रदेश भर में जिस बूथ पर सबसे अधिक मतदान होगा, उस बूथ को ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेगा। कहा कि मतदाताओं के वोट से ही सरकार बनती है। कहा कि मतदान के दिन किसी भी युवा के जेहन में यह बात न आए कि उसके एक वोट से क्या फर्क पड़ेगा। बूथ में कतारों में लगने वाला हर व्यक्ति एक-एक वोट डालता है और यही संख्या लाखों में पहुंच जाती है। ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी तरुण वधवा ने कहा कि विधानसभा चुनाव के महापर्व के दौरान अपने मत का सही उपयोग करके उम्मीदवार का चुनाव करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। लोकतंत्र में हमें मतदान करने का अधिकार प्राप्त है।

# विधानसभा चुनाव के चलते एग्जिट पोल पर रहेगा प्रतिबंध: डीसी

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
हरियाणा विधानसभा के 15वें आम चुनाव के चलते भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के निदेर्शानुसार चुनाव अवधि के दौरान जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एग्जिट पोल के प्रकाशन पर प्रतिबंध रहेगा। इसके दृष्टिद्गत जिलाधीश डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने आरपी एक्ट 1951 की धारा 126 (1) व 126 (ए) (1) के तहत आदेश जारी किए हैं।

मतदान समाप्ति के 48 घण्टे की अवधि के दौरान एग्जिट पोल और ओपनियन पोल पर प्रतिबंध लगाया गया है जो मतदान के लिए सीमाबद्ध क्षेत्रों के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए लागू है।

# सेवा ट्रस्ट यूके ने मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में महाराजा अग्रसेन जयंती का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव से मनाया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट अपनी को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से रियल जूस का विशाल भंडारा लगाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष पवन मित्तल ने की। सेवा ट्रस्ट की टीम ने महाराजा अग्रसेन जी की भव्य प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। सेवा ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष पवन मित्तल ने महाराजा अग्रसेन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों का



अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के जीवन से हर वर्ग को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने समय काल में सर्व जातीय को एक सम्मान की दृष्टि से देखा। जिनकी प्रेरणाओं को लेकर आज भी अग्रवाल समाज मानवता की सेवाओं में लगा हुआ हैं। सेवा ट्रस्ट के खंड कोआर्डिनेटर राजेश सैन व योगेश गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने अमीरी-गरीबी के भेदभाव को मिटाकर मानवता के आधार पर कार्य किया। जिनकी प्रेरणाओं को लेकर आज जयंती के दिन केवल भारत देश में ही नहीं, बल्कि विदेशों

**विशाल भंडारा**

**जिस प्रकार के सामाजिक कार्य महाराजा अग्रसेन ने किए उनका अनुसरण करना चाहिए: पवन**

में भी उनके जीवन प्रसंग को याद किया जा रहा है। सेवा ट्रस्ट से मास्टर रमेश गुप्ता व सुमन्त सैनी ने कहा की महाराजा अग्रसेन जी ने समाज में एकता व अखंडता की बात करते हुए कहा कि हमें एक सूत्र में बंधकर रहना चाहिए और जिस प्रकार के सामाजिक कार्य महाराजा अग्रसेन ने किए उनका अनुसरण करना चाहिए।

# विधानसभा चुनाव को लेकर सभी तैयारियां एवं प्रबंध होंगे चाक-चौबंद

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दृष्टिद्गत सभी तैयारियां एवं प्रबंध कर लिए गए हैं, 5 अक्टूबर को मतदान होगा तथा प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदाता अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान कर सकेंगे। जिले में 43 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें से 37 पुरुष उम्मीदवार व 6 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल पर कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रैस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे।



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि जिले में 7 लाख 73 हजार 425 मतदाता हैं, जिनमें से 4 लाख 591 पुरुष मतदाता व 3 लाख 72 हजार 820 महिला मतदाता हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में चारों विधानसभा क्षेत्रों में आकर्षित बूथ भी बनाए गए हैं। हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक दिव्यांग बूथ, एक-एक महिला संचालित बूथ, एक-एक यंग बूथ और एक-एक मॉडल पोलिंग स्टेशन शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 512 लोकेशन के तहत 810 बूथ स्टेशन तहत बनाए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में 609 तथा शहरी क्षेत्र में 201 बूथ स्टेशन शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह

**प्रबंध**

**प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदाता अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान कर सकेंगे: राजेश जोगपाल**

भी बताया कि चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा शुरू से ही हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है।

इस कार्य के दृष्टिगत 24 फ्लाईंग स्कवायट टीम, 36 स्टेटिक सर्विलेंस टीम, 4 वीडिया सर्विलेंस टीमें नियुक्त की गई हैं। मतदान वाले दिन 24 जोनल मैजिस्ट्रेट फील्ड में रहकर हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। इसके साथ-साथ चुनाव प्रक्रिया के तहत लगभग 5 हजार कर्मचारी डयुटी पर तैनात हैं और अपने-अपने कार्य को चुनाव आयोग की हिदायतों के मुताबिक कर रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार इस बार दिव्यांग मतदाता, 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर से वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके तहत 179 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है और इस प्रक्रिया की बकायदा वीडियोग्राफी भी की गई है। पोस्टल बैलट पेपर के तहत 2131 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है।

# 12 वैकल्पिक दस्तावेजों से कर सकते हैं मतदान : डीसी राजेश जोगपाल

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि यदि किसी मतदाता नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके वोटर कार्ड नहीं है तो उसे मायूस होने की कोई जरूरत नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग ने 12 वैकल्पिक दस्तावेज निर्धारित किए हैं, जिनमें से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपना वोट डाल सकता है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के तहत 5 अक्टूबर को मतदान होगा। मतदाता सूची में जिन व्यक्तियों का नाम दर्ज हैं, वही मतदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज होना जरूरी है, ऐसे में सभी मतदाता अपने पोलिंग बूथ व मतदाता सूची में नाम चेक कर



सकें। यह कार्य ऑनलाइन चुनाव आयोग की वेबसाइट, वोटर हेल्पलाइन एप कर सकते हैं। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, परंतु उसके पास किसी वजह से वोटर कार्ड नहीं है तो उनको घबराने की आवश्यकता नहीं है, उसके भी अपना वोट डालने का अधिकार है। चुनाव आयोग के नियमानुसार मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

# फरीदाबाद : जिला के छह विधानसभा क्षेत्र में मतदान की तैयारियां पूर्ण

**फरीदाबाद। फरीदाबाद** जिला प्रशासन शनिवार, पांच अक्टूबर को मतदान प्रक्रिया के लिए पूरी तरह से सजग एवं सतर्क है। जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टी रवाना हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने शुक्रवार को सभी विधानसभा क्षेत्रों के डिस्पैच सेंटर का दौरा करते हुए पोलिंग पार्टियों को धैर्यपूर्वक, शांति प्रिय ढंग से व निष्पक्षता के साथ मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने में अपनी जिक्वमेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष



व स्वतंत्र रूप से स पन्न करवाने के लिए छह विधानसभा क्षेत्र पृथला, एनआईटी, बडखल, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, व तिगांव की पोलिंग पार्टियों को निर्धारित फाइनल रिहर्सल उपरांत रवाना किया गया है। शुक्रवार को डीएवी स्कूल सेक्टर-14, श्रीमती सुषमा स्वराज कॉलेज बल्लभगढ़, दौलत राम धर्मशाला, लखानी धर्मशाला, पंजाबी भवन और गुर्जर भवन में अंतिम रिहर्सल उपरांत चुनाव से संबंधित सामग्री व सामान उपलब्ध कराकर संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदान के बाद ईवीएम और वीवीपैट शनिवार 5 अक्टूबर को सायं 6 बजे के बाद यही जमा होंगी। संबंधित विस क्षेत्रों के सामान्य पर्यवेक्षकों ने भी निरीक्षण करते हुए संबंधित आरओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए रवाना होने वाली पोलिंग पार्टियों की अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी पोलिंग पार्टियां अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि टीम वर्क के साथ चुनावी प्रक्रिया में भागीदार बनें और पूर्ण रूप से सचेत रहते हुए शांतिप्रिय ढंग से मतदान संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के तहत मतदान 5 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। इससे पहले सभी मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियों द्वारा मॉक पोल करवाया जाए तथा मॉकपॉल उपरांत ही मतदान प्रक्रिया शुरू करवाई जाए।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर तैनात किए गए सभी अधिकारी और कर्मचारी निष्पक्ष और शांतिपूर्वक मतदान करवाने के लिए पूरी जिम्मेदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।

# टैक्टर चोरी के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार व ट्रैक्टर बरामद

**टीम एवशन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्र गढ । सीआईए महेंद्रगढ़** और थाना सदर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने ट्रैक्टर चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान अक्षय वासी दुलोठ अहीर, पंकज उर्फ सेटिंग उर्फ अंजान वासी दुलोठ अहीर, गौरव उर्फ जेटर वासी ढाणी फौगाट, दिनेश उर्फ लीलू वासी छाजियावास के रूप में हुई। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित ट्रैक्टर चोरी की वारदात को अंजाम देने में शामिल थे। आरोपितों को आज न्यायालय में पेश किया गया, तीन आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और आरोपित दिनेश उर्फ लीलू को एक दिन के पुलिस रिमांड पर



ओर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपित से पूछताछ में पुलिस ने ट्रैक्टर बरामद कर लिया है। महंत आकाशगिरी ने थाना सदर महेंद्रगढ़ में शिकायत दर्ज कराई कि गाँव निबेहेडा मे बाबा सुरतान्द आश्रम के नाम से आश्रम बना हुआ है औ? आश्रम के नाम गाँव मे खेती बाडी के लिए करीब 10 एकड जमीन है। महंत ने बताया कि आश्रम व उस जमीन की देख रेख वह करता है और उस जमीन को जोतने के लिए आश्रम की तरफ से उसके नाम से एक ट्रैक्टर है जो आश्रम मे खडा था। दिनांक 22 सितम्बर को सुबह 4 बजे उसने उठकर देखा तो टैक्टर नही मिला। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति आश्रम से चोरी करके ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## न्यूज फ्लैश

### नगर निगम में कार्यरत युवक को गोली मारने के आरोप में दो के खिलाफ केस दर्ज

**गन्नौर: राजपुर गांव में** नगर निगम में कार्यरत हरिओम राठी पर गोली से हमला करने के मामले में थाना बड़ी पुलिस ने एक नामजद सहित दो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हमलावरों में शामिल एक युवक गन्नौर के राजपुर गांव का ही रहने वाला है। वहीं गोली लगने से घायल हुए हरिओम राठी दिल्ली के मैक्स अस्पताल में उपचाराधीन है। उसे तीन गोलियां लगी हैं। थाना बड़ी पुलिस अब हमलावरों की तलाश में जुट गई है। पुलिस को दी शिकायत में राजपुर गांव के हरिओम राठी ने बताया कि वह नगर निगम सोनीपत मे सुपरवाईजर के पद पर ठेकेदार के माध्यम से काम करता है। 3 अक्टूबर को वह अपने घर से मेडिकल स्टोर के लिए पैदल जा रहा था। जब वह लोहार चौपाल के पास पहुंचा तो उसी समय दो युवक बाइक पर सवार होकर आए। बाइक के पीछे बैठे एक युवक ने किसी पुरानी रंजिश के चलते उसे जान से मारने की नीयत से उस पर तीन फायर किए। एक गोली उसके दाहिने कंधे पर व दो गोलियां कमर के पास जा लगी। जिसके बाद वह घायल अवस्था में अपने चाचा अशोक की बैठक में चला गया। हमला करने के बाद दोनो युवक बाइक सहित मौके से फरार हो गए। हरिओम को घायल अवस्था में स्वजन ने दिल्ली के मैक्स अस्पताल में भर्ती करवाया। हरिओम ने बताया कि उस पर हमला करने वालों में एक युवक विशेष कुमार उर्फ खली राजपुर गांव का ही रहने वाला है। जबकि दूसरे युवक को वह पहचान नहीं पाया। पुलिस ने हरिओम की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### झज्जर में निर्दलीय उम्मीदवार की शिकायत पर दुष्प्रचार का मामला दर्ज

**झज्जर। बहादुरगढ़ शहर** थाना पुलिस ने विधानसभा चुनाव में स्वतंत्र उम्मीदवार रमेश दलाल द्वारा किसी अन्य उम्मीदवार को समर्थन देने का झूठा प्रचार करने के आरोप में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बहादुरगढ़ विधानसभा से स्वतंत्र उम्मीदवार रमेश दलाल की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ सिटी बहादुरगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद, पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है। रमेश दलाल ने बहादुरगढ़ जिले के उच्च पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की और उनसे इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि ऐसे गलत प्रचार करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रह सके। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की है, जो इस मामले की तह तक जाएगी और दोषियों को सजा दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगी। रमेश दलाल ने यह रिपोर्ट उस वक्त दर्ज कराई थी, जब कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने सोशल मीडिया पर झूठी अफवाहें फैलाईं कि उन्होंने किसी अन्य उम्मीदवार का समर्थन किया है। इन अफवाहों का उद्देश्य चुनावी माहौल को बिगाड ?ा और जनता को भ्रमित करना था। अब इन अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। रमेश दलाल ने कहा, "यह रिपोर्ट इसलिए दर्ज कराई गई है ताकि बहादुरगढ़ की चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखा जा सके। यह मामला गंभीर है और यह सीधा लोकतंत्र पर वार है, इसलिए दोषियों को उनके किए की सजा अवश्य मिलेगी।" दलाल ने जनता से अपील की कि वे इन अफवाहों पर ध्यान न दें और सचेत रहकर स्वच्छ और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया में भाग लें।

### पराली जलाने के आरोप में दो किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: मुरथल व** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मुकीनपुर व मुरथल में पराली जलाने के मामले सामने आए है। जिसका पता लगने पर कृषि विभाग की टीम ने भौतिक सत्यापन कर दोनों किसानों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमें दर्ज कर लिया है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। सहायक कृषि अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि वह मुरथल क्षेत्र में गश्त पर थे।

### 10. 70 लाख धोखाधड़ी से तंग भवन निर्माण ठेकेदार ने 11वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**सोनीपत: सेक्टर-12 स्थित इशान सोसायटी में भवन निर्माण ठेकेदार ने** 11वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने अपने साझेदार के साथ ही सोसायटी के पदाधिकारियों पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मृतक के बेटे के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 21वें मां भगवती जागरण में झूमें श्रद्धालू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
**नव दुर्गा युवा मंडल द्वारा** पहले नवरात्रे पर 21वां महाविशाल मां भगवती जागरण हरिसिंह कालोनी कृष्णा सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल के सामने आयोजित किया गया। गणेश पूजा पंडित रमेश द्वारा कराई गई। जिसमें मुख्यअतिथि हरियाणा सरकार के राज्यमंत्री महीपाल ढांडा रहे, जबकि विशिष्ठ अतिथि मां शाकुम्भरी देवी सेवा मंडल के प्रधान महेंद्र गोयल, राजकुमार पांचाल माजरी, सोनू पांचाल हिमाचल, नीरज पांचाल, जसबीर सैनी, रामसिंह सैनी,मांगेराम कोरी, श्री कैलाशी सेवा समिति के प्रधान अशोक कैलाशी व बनारसी दास बावा रहे। वहीं मंडल के संरक्षक



विनोद पांचाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अतिथियों ने माहमाई की ज्योत प्रचण्ड की। मनोज पांचाल एंड पार्टी ने रात भर महामाई का गुणगान किया। वहीं दीपक आर्ट ग्रुप द्वारा प्रस्तुत की गई मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जबकि गायक हेमा ठाकुर, शिवम पांचाल, गुरूदयाल लख्खा, मनोज पांचाल ने भी अपने भजनों के माध्यम से श्रोताओं को रातभर माता की भक्ति के भजनों पर झूमने को विवश कर दिया। मुख्यअतिथि महीपाल ढांडा ने कहा कि नवरात्रों में जो भी भक्त सच्चे मन से माता को याद करता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं। वहीं सभी अतिथियों का पटका, फूल माला व पगड़ी पहनाकर स्वागत व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

**ये रहे मौजूद**

मंडल के संरक्षक विनोद पांचाल, बिजेन्द्र पांचाल, मोहन लाल, आशु पांचाल, रविन्द्र पांचाल मंडावर, भूपेन्द्र पांचाल, जितेन्द्र पटवा, नीतिन पांचाल, विनोद पांचाल भगत जी, प्रवीण पांचाल, अमर सिंह पाल, विजय मैहता, अशोक वर्मा, भूपेंद्र बालियान, सुभाष बिराल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# प्रदेश के 90 हलकों में सुबह सात बजे से होगा मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। हरियाणा** विधानसभा के लिए शनिवार को होने वाले में मतदान में राज्य के मतदाता अपना जनादेश देंगे। प्रदेश के दो करोड़ तीन लाख मतदाता चुनावी रण में उतरे 1031 प्रत्याशियों के भाग्य विधाता बनकर इनमें से 90 को विधानसभा के भीतर भेजने का काम करेंगे। शनिवार को प्रदेश के 90 विधानसभा हलकों में होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंच चुकी हैं। राज्य में सुबह सात बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू होगी और शाम छह बजे तक जो लोग लाइनों में खड़े होंगे, वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों पर 1031 प्रत्याशियों ने चुनावी ताल ठोकी है। इनमें 930 पुरुष व 101 महिलाएं शामिल हैं। हालांकि 462 प्रत्याशी निर्दलीय तौर पर चुनावी मैदान में हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में 67.74 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार चुनाव आयोग ने पिछले चुनाव के मुकाबले 75 फीसदी मतदान का लक्ष्य रखा है। चुनाव आयोग की ओर से 20629 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। प्रदेश में लगाई गई 27 हजार 866 मशीनेंचुनावों के लिए रिजवर्ड ईवीएम सहित कुल 27 हजार 866 ईवीएम (बैलेट यूनिट) का उपयोग होगा।

# चुनावः सुरक्षा व व्यवस्था में 29 हजार 462 पुलिसकर्मी तैनात

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। हरियाणा में** 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हरियाणा पुलिस ने प्रदेश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए है। विधानसभा चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रदेश के सभी 90 विधानसभा हलकों में 29 हजार 462 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने शुक्रवार को बताया कि चुनाव ड्यूटी में पुलिसकर्मियों के अलावा 21 हजार 196 होमगार्ड के जवान तथा 10 हजार 403 एसपीओ की तैनाती की गई है। मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रदेश के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी ताकि लोग निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। कपूर ने बताया कि चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है ताकि लोग बिना डरे निष्पक्ष तरीके से मतदान कर सकें। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 191 अंतरराज्यीय तथा 201 प्रदेश के भीतर नाके लगाए गए हैं। प्रदेश में मतदान के लिए 10 हजार 495 स्थानों पर कुल 20 हजार 629 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, 3616 मतदान केंद्रों को संवेदनशील(क्रिटिकल) माना गया है।

# मतदान प्रक्रिया को बेहतर ढंग से संपन्न कराने को किए व्यापक प्रबंध

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार। जिले में** विधानसभा चुनाव पूर्ण निष्पक्ष, पारदर्शिता व शांतिप्रिय ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से सभी व्यापक प्रबंध किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना प्रभावी ढंग से करने के साथ ही चुनाव आचार संहिता की दृढ़ता से पालना करवाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रशासन अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने शुक्रवार को कहा कि मतदान प्रक्रिया को शांतिप्रिय ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की



ओर से हर गतिविधि पर नजर रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर मतदाताओं को मतदान केंद्र में किसी भी रूप से अपने मोबाइल का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान केंद्र में यदि कोई मतदाता अपने मोबाइल का उपयोग करते हुए पाया जाता है तो उस पर तुरंत प्रभाव से कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# महिला के खाते से 1.40 रुपये निकाले

**सोनीपतः** मोहाना **थाना क्षेत्र में** महिला के खाते से लाखों रुपये की राशि के निकालने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव सलारपुर माजरा निवासी पूनम ने बताया कि उसका मोहाना बैंक शाखा पंजाब नेशनल बैंक में है। उसने अपने खाते में एक लाख साठ हजार रुपये जमा किए थे। कुछ दिन पहले वह बैंक में राशि निकलवाने के लिए पहुंची। जहां उसे पता चला कि किसी ने उसके खाते से एक लाख चालीस हजार रुपये की राशि को निकाल लिया।

# मुस्कुराहट जीवन की सबसे बड़ी सुन्दरताः आशा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम। ब्रह्माकुमारीज** के बोहड़ाकलां स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में तीन दिवसीय महिला सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने अपने दिल के उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज मां बच्चे को श्रेष्ठ संस्कार नहीं दे पा रही है। जिसका मूल कारण है कि मां अपने उत्तरदायित्व को ठीक से नहीं निभा पा रही है। आज नारी के जीवन में त्याग और तपस्या की कमी है। उन्होंने कहा कि मुस्कुराहट जीवन की सबसे बड़ी सुन्दरता है। मुस्कुराहट अन्दर से आती है। करुणा, दया और उदारता जैसे गुण ही चेहरे पर मुस्कान लाते हैं। मातृत्व



संस्कृति है। मातृत्व एक गुण है। मां की सबसे बड़ी शक्ति सहनशक्ति और समाने की शक्ति है। उन्होंने कहा कि मन पर सबसे बड़ा प्रभाव अन्न का पड़ता है। इसलिए भोजन की शुद्धि बहुत जरूरी है। डॉ. मंजु ने कहा कि सम्बन्धों में देने की भावना ही मधुरता लाती है। हम जो कुछ भी दूसरों को देते हैं, वही प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ मूल्य ही जीवन को महान बनाते हैं। दिव्य गुणों के द्वारा ही स्वर्णिम संसार का निर्माण हो सकता है। प्रोफाउंड भारती एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के निदेशक सीएमए अनिरुद्ध गुप्ता ने कहा मातृ शक्ति के बगैर हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। मां बच्चे की प्रथम गुरु होती है। जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनके पीछे मां का ही हाथ है। श्रेष्ठ संस्कारों द्वारा मातृ शक्ति अपने बच्चों को ही नहीं बल्कि राष्ट्र को भी श्रेष्ठ संस्कार प्रदान करती है। दिल्ली, शक्ति नगर से पधारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके लता ने कहा कि नारी अपनी शक्ति को भूलने के कारण स्वयं को कमजोर समझने लगी।

उन्होंने कहा कि आज शारीरिक सुंदरता के बजाय आंतरिक सुंदरता को निखारने की जरूरत है। कार्यक्रम में ब्लू बेल्स स्कूल की फाउंडर एंड डायरेक्टर सुमन गुलाटी एवं डायरेक्टर, कॉर्पोरेट अफेयर्स महर्षि यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद के अध्यक्ष डॉ. रतेश गुप्ता ने भी अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की।

# कंपनी में मुनाफे का झांसा दे महिला से ठगे साढ़े पांच लाख

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींदः शहर थाना** पुलिस ने महिला को कंपनी में मोटे मुनाफे का झांसा देकर साढ़े लाख रुपये ठग लिए। शहर थाना पुलिस ने पीड़िता कि शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को विकास नगर निवासी बिमला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ई-रिक्शा चलाती है। उसकी मुलाकात काफी दिन पहले इम्पलॉयज कालोनी निवासी सतीश, सिंध्वीखेड़ा निवासी विनोद, रामबीर कालोनी निवासी पूनम से हुई थी। आरोपितों ने हुडा ग्राउंड, बाल भवन रोड तथा भिवानी रोड पर कार्यालय खोला हुआ है। आरोपित गरीबों की कॉपी भी बनाने का कार्य करते हैं। आरोपितों ने बताया कि वे बिजनेस सैट करवाते हैं। आरोपितो ने उसे झांसे में देकर डेढ़ लाख रुपये की दवाईयां खरीद ली। जिसे बिकवाने का आश्वासन आरोपितों ने दिया था लेकिन दवाई नही बिकी और वे एक्सपायर हो गई। फिर आरोपितों ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने पर मुनाफे की गारंटी ली। बीस हजार रुपये निवेश करने पर हर रोज 200 रुपये प्रतिदिन देने की बात कही। जिस पर उसने लगभग साढ़े पांच लाख रुपये का निवेश किया। आरोपित उसे हिमाचल प्रदेश ले गए।

# टग आफ वार में बालभवन स्कूल के खिलाड़ी दूसरे स्थान पर


**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः स्कूल गेम्स** फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा लिटिल एंजेल्स सोनीपत में आयोजित की गई प्रतियोगिताओ में बालभवन इंटरनेशनल स्कूल की टीम के विद्यार्थियो बेहतरीन प्रदर्शन किया। टग आफ वार में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। स्कूल खिलाड़ी भविष्य, आदी और युवराज अब 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक रोहतक में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। उनकी जीत पर बधाई देते हुए स्कूल के प्राचार्य



जय भारत गुप्ता और समन्विका नेहा सिंधु ने कहा कि खेल बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। इसलिए बच्चों को अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए।

# कैथल में 22 हजार युवा पहली बार करेंगे मत का प्रयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथलः विधानसभा** चुनाव के लिए शनिवार को होने वाले मतदान में 22187 युवा पहली बार मतदान करेंगे। 5 अक्टूबर को होने वाले मतदान के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने अपनी तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है। जिले की चारों विधानसभाओं में कुल 386 लोकेशन पर 807 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 171 बूथों को अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है, तो वहीं पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी के तैयार है। चुनाव में 3116 पुलिसकर्मी ड्यूटी दे रहे हैं, इनमें 9 पैरामिलिट्री फोर्स के साथ एक एचएपी की टुकड़ी भी लगाई गई है, इसके



अतिरिक्त 600 के करीब होमगार्ड जवान पंजाब से बुलाए गए है जो बूथों पर पुलिस कर्मचारियों के साथ ड्यूटी देते नजर आएंगे। डी.सी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि कि कैथल जिले की चार विधानसभा सीटों में कुल 8 लाख 24 हजार 408 वोटर हैं। जिनमें कुल 386 लोकेशन पर 807 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, इनमें से 619 ग्रामीण क्षेत्र में तथा 188 शहरी क्षेत्र में स्थापित किए गए हैं। इन सभी मतदान केंद्र में बिजली पानी व दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है, इसके साथ ही पूरे मतदान की वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। पुलिस व्यवस्था को लेकर जिले में कल 3116 कर्मचारी चुनावी ड्यूटी पर है, इनमें 9 पैरामिलिट्री फोर्स की टुकड़ियों व एक एचएपी के साथ पंजाब से 600 के करीब होमगार्ड सहित 800 से अधिक जिला पुलिस के कर्मचारी तैनात है, इसके साथ किसी भी है अप्रिय घटना से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी मौजूद रहेगा

**8 लाख 24 हजार 804 मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला**


गुहला विधानसभा क्षेत्र में स्थापित किए गए 199 मतदान केंद्र, कलायत विधानसभा क्षेत्र में कुल 209 मतदान केंद्र, कैथल विधानसभा क्षेत्र में कुल 215 मतदान केंद्र तथा पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में कुल 184 मतदान केंद्र हैं। 12 सितंबर 2024 को जारी गई सूची के अनुसार जिला की चारों विधानसभा में 8 लाख 24 हजार 804 मतदाता हैं, जिसमें 4 लाख 31 हजार 148 पुरुष मतदाता, 3 लाख 90 हजार 664 महिला मतदाता हैं। इसके अलावा 15 थर्ड जेंडर हैं।

कैथल डी.सी ने बताया कि शहरी मतदाता क्यू एप के जरिए अपने घर बैठे ही बूथ के बाहर लगी लाइन की अपडेट ले सकते हैं, इसमें संबंधित बीएलओ समय-समय पर बूथ के बाहर लगी लाइन की अपडेट डालता रहेगा, यह सेवा केवल कैथल शहर वासियों के लिए उपलब्ध रहेगी।

# नरेला की रामलीला में प्रभुश्रीराम का जन्म व तड़का वध रहे मुख्य प्रंसग
















**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अंग्रेजों की गुलामी से देश को** 1947 में आजादी मिली, उसी साल नरेला में रामलीला का पहली बार मंचन हुआ। स्थानीय कलाकारों ने रामायण के विभिन्न पात्रों का मंचन किया। पिछले 77 वर्षों से अनवरत जारी सुभाष रामलीला में हालांकि अब मुंबई, दिल्ली व देश के अन्य राज्यों से आए टीवी के पेशेवर कलाकार अभिनय करते हैं।

सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के तत्वाधान में 78वें वर्ष की ऐतिहासिक रामलीला के दूसरे दिन रामलीला का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी श्यामलाल मंगला व प्रसिद्ध न्यूरोसायकेट्री क्लीनिक के डॉ. दीपक वर्मा ने राम भक्त हनुमान की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित व रिबन काटकर भव्य रामलीला मंचन का शुभारंभ किया।

इस दौरान उन्होंने भगवान राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के पदाधिकारियों को भव्य रामलीला मंचन के आयोजन पर बधाई देते हुए सुभाष रामलीला के उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि का स्वागत सम्मान पदाधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। रामलीला के दूसरे दिन श्रवण कुमार लीला से लेकर सुबाहु मारीच वध तक की लीला का मंचन हुआ। श्री राम जन्म की घोषणा के साथ ही रामलीला देखने आए दर्शक भक्ति सागर में डूब गए। जय श्रीराम, जय श्रीराम के स्वरों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। मंच पर मौजूद कलाकारों से लेकर दर्शक तक आनंद से झूम उठे। वहीं ताड़का वध प्रसंग में ताड़का का भयंकर गर्जना करते हुए महिलाओं और बच्चों को खूब पसंद आया। सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के प्रधान विष्णु भारद्वाज ने बताया कि ऐतिहासिक सुभाष रामलीला का मंचन 1947 से हो रहा है। हमारा प्रयास रहता है कि बेहतर से बेहतर लीला का मंचन दर्शकों के सम्मुख प्रस्तुत कर सकें।

मैं लीला देखने आए सभी राम भक्तों का स्वागत करता हूं और सभी से कहना चाहता हूं कि सभी मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के बताए हुए मार्ग पर चलें।

**श्री राम जन्म होते ही बधाइयों से गूंजा पंडाल, हर्षित हुए दर्शक**

भव्य रामलीला मंचन के दूसरे दिन श्रीराम जन्म प्रसंग से रामलीला की



शुरूआत हुई। राम जन्म होते ही अयोध्या नगरी उल्लास से भर उठती है। हर नगरवासी इसे उत्सव के रूप में मनाने को बेचैन है। पूरे नगर को इस अवसर पर सजाया गया है, यही नहीं अयोध्या के घर-घर में बधाई गीत मधुर ध्वनि वातावरण में गूंज रही है।

कलाकारों ने राम जन्म का ऐसा सुंदर मंचन किया कि हर किसी ने उनकी अदाकारी की तारीफ की। ऐतिहासिक रामलीला को देखने हजारों की संख्या में आए दर्शक भक्ति सागर में डूब गए। जय श्रीराम, जय श्रीराम के स्वरों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के संरक्षक मोहन पूरी, संरक्षक लोकेश गर्ग, प्रधान विष्णु भारद्वाज, महासचिव संदीप मंगला, उप प्रधान धर्मपाल वर्मा, उपप्रधान मोहित गुप्ता, निर्देशक संजय बंसल, कोषाध्यक्ष जयपाल रोहिला, विशेष सलाहकार भारत भूषण शर्मा, मंच संचालक सुरेश गुप्ता, संगठन सचिव सचिन कौशिक, सह सचिव संदीप, सह सचिव निपुण गुप्ता, सह सचिव अनिल कुमार गर्ग, लेखा जांचकर्ता शुभम रोहिल्ला, लेखा जांचकर्ता नितिन कपूर, उद्घोषक अनिरुद्ध त्यागी, सी.ए. अतुल गुप्ता, स्टोर कीपर जयदीप खत्री, स्टोर कीपर जितेन्द्र पालीवाल, अग्नि प्रभारी संजय धनकड़, गार्ड निरक्षक राकेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य ओमदत शर्मा, पंकज शर्मा, दीपक खत्री, मोहित गौतम, मोहित पंचाल, नितेश, इन्द्र शर्मा, धीरज पालीवाल, सुशील खत्री, चरण सिंह, पवन वर्मा, यश स्वामी, रणजीत सिंह, संदीप धनखड़, जोगिंदर भौरिया सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।









# प्रभु श्रीरामलीला कमेटी मॉडल टाउन ने किया भव्य रामलीला का मंचन









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रभु** श्री रामलीला कमेटी मॉडल टाउन-2 ने भव्य रामलीला का मंचन किया। दूर-दूर से लोग रामलीला देखने के लिए मंचन स्थल पर पहुंचे रहे है। मुख्य अतिथियों का स्वागत सम्मान पटका पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर पदाधिकारियों द्वारा किया गया। मंचन के पहले ही दिन हजारों की संख्या में दर्शक रामलीला देखने पहुंचे। पहले दिन की लीला में नारद मोह, रावण वेदवती संवाद, शिव पार्वती संवाद, श्रवण लीला का मंचन हुआ। दशरथ श्रवण संवाद का मंचन बेहतर तरीके से किया गया। दशरथ के तीर से श्रवण का प्राण त्यागने का बड़ा ही भावुक तरीके से मंचन किया गया, जिसे देखकर लोग भावुक हो गए। इसके बाद जब राजा दशरथ पानी का लौटा लेकर श्रवण के माता-पिता के पास पहुंचते हैं तो वे राजा से श्रवण के बारे में पूछते हैं। दशरथ द्वारा श्रवण की मौत के बारे में बताने पर वह क्रोधित हो जाते हैं और हाथ में पानी की अंजली लेकर दशरथ को श्राप देते हैं कि जिस प्रकार विराज पुत्र वियोग में है इसी प्रकार वह भी पुत्र वियोग में तड़प तड़प कर मरेगा। इस मौके पर रामलीला कमेटी के सिनियर वाईस चेयरमैन निर्भय नरूला ने कहा कि हम सभी को बड़े-बुजुर्गों और माता पिता का आदर करना चाहिए। साथ ही हमेशा ही सत्य ही राह पर चलना चाहिए। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# केवल पार्क रामलीला: राम जन्म और ताड़का वध का हुआ मंचन











**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केवल पार्क** रामलीला धूम मचा रही है। दूर-दूर से लोग रामलीला का मंचन देखने आ रहे हैं और दर्शक भगवान राम के जीवन के विभिन्न पहलुओं से रूबरू हो रहे हैं। मंझे हुए कलाकारों के द्वारा रामलीला का उत्कृष्ठ मंचन किया जा रहा है।

रामलीला में भगवान राम जन्म का मंचन किया गया। राजा दशरथ व तीनों रानियां पुत्र न होने के कारण व्यथित थे। कुलगुरु वशिष्ठ की सलाह से राजा दशरथ ने पुत्र कामना यज्ञ कराया। जिसमें देव योग से माता कौशल्या की कोख से विष्णु के अवतार प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया। अयोध्या नगरी सहित पूरा विश्व मंगल गान करने लगा। इसके अतिरिक्त राम के साथ ही भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न का जन्म हुआ।

वशिष्ठ ने राजा दशरथ को बताया कि उनके ये पुत्र कीर्ति पताका फहराने वाले बनेंगे। इस मौके पर आदर्श कला केंद्र केवल पार्क रामलीला के पदाधिकारी मौजूद रहे। आपको बतादें की आदर्श कला केंद्र इस बार अपनी गोल्डन जुबली मना रही है। इस मौके पर मार्गदर्शक अशोक गर्ग, हरीश भारद्वाज, सुनील अग्रवाल, जयनारायण गर्ग, विनोद तायल प्रधान, राघवेंद्र शर्मा महासचिव, बलबीर गुप्ता कोषाध्यक्ष, प्रिंस गुप्ता कोषाध्यक्ष, महावीर गर्ग उपाध्यक्ष, महंत अनिल शर्मा उपाध्यक्ष, सुनील गर्ग उपाध्यक्ष, अमित गर्ग उपाध्यक्ष, अरूण गर्ग उपाध्यक्ष, अमरनाथ कंसल सहसचिव, प्रवीण गोयल सहसचिव, राजबीर शास्त्री स्वागताध्यक्ष, आशुतोष गुप्ता स्वागताध्यक्ष, ओम प्रकाश यादव स्वागताध्यक्ष, सुरेश कुमार, राम कुमार जैन पंचवटी, चौ. नरेंद्र सिंह, अमित गौड, आलोक कौशिक, प्रवीन कथुरिया, राजेंद्र अरोडा, प्रदीप मोहित गोयल, अजय गुप्ता, ओमदत्त नवीन भारद्वाज, विजय तालरा, तरूण आहूजा, दीपक, राजीव त्यागी, राजेश प्रवीण गर्ग मौजूद रहे।

**विनोद तायल, प्रधान:** रामलीला प्राचीन गौरवमयी संस्कृति की संवाहक है। नई पीढ़ी रामायण के आदर्श पात्रों से प्रेरणा लें। जीवन में सकारात्मकता केवल आदर्श पात्रों से ही आ सकती है।



**महंत अनिल शर्मा, उपप्रधान:** आदर्श कला केंद्र बेहतरीन रामलीला का मंचन करती है और लोग दूर-दूर से रामलीला का भव्य मंचन देखने आते हैं। मैं संस्था को उत्कृष्ठ रामलीला का मंचन करने के लिए बधाई देता हूं।







# मान, सम्मान व स्वाभिमान के लिए वोट करें हिसार शहर वासी: गौतम सरदाना

**अपील**

**आजाद उम्मीदवार गौतम सरदाना ने चुनावों से ऐन वक्त पहले अपील की जारी**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

आजाद उम्मीदवार गौतम सरदाना ने चुनावों से ऐन वक्त पहले अपील जारी करके कहा है कि हिसार की जनता ने हमेशा ही मान, सम्मान व स्वाभिमान बरकरार रखने के लिए मतदान किया है। इस बार भी हिसार की जनता अपने बेटे व भाई गौतम सरदाना को भारी मतों से जीता कर हरियाणा विधानसभा भेज नया कीर्तिमान रचेगी। उन्होंने कहा कि पांच अक्टूबर को ईवीएम वाला बटन दबाते हुए ध्यान रखना की आपके वोट की ताकत से शहर की राजमाता का सपना पूरा करने वालों का पक्ष मजबूत होगा, या फिर हजारों माताओं के सपने पूरे करने का संकल्प लेकर चुनावी मैदान में उतरे आपके बेटे, आपके भाई गौतम सरदाना को जीत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हिसार वासी अपना वोट डालते समय यह जरुर ध्यान में रखना कि आपका वोट कोरोना काल में शहर की सेवा करने वाले उनके बेटे गौतम सरदाना के पक्ष में जाएगा, या फिर शहर को अनाथ छोड़ कर भागने वाले लोगों के पक्ष का पक्ष मजबूत करेगा।

हिसार वासियों के नाम जारी अपील में उन्होंने कहा कि आप सभी अपने आप को गौतम सरदाना समझकर 5 अक्टूबर को एक-एक वोट हॉकी-बाल के चुनाव निशान पर डलवाने का काम करना है। जिससे कि समाज सेवा के नाम पर हिसार वासियों को गुमराह करने वालों को सदा के लिए दिल्ली या गुरुग्राम भेजा जा सके। उन्होंने कहा कि यह आपके वोट की ही ताकत है कि पिछले दस वर्षों से हिसार को अनाथ छोड़ने वाले आज बड़ी-बड़ी गाड़ियों में शहर की गलियों की खाक छान रहे हैं। अपने अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से गरीबों का इलाज न करने वाले व गरीब बच्चों को अपने स्कूलों में दाखिले न देने वाले शहरवासियों के सामने नाक रगड़ रहे हैं। गौतम सरदाना ने कहा कि ईवीएम के वैल्ट नंबर 13 पर हॉकी-बाल के सामने पड़ने वाला आपका एक-एक वोट कई -कई काम करेगा। इससे जहां दो-दो बड़े पूर्व मंत्रियों का इलाज हो जाएगा।

# दो दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप में बच्चों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**प्रशिक्षण शिविर**

**- नाबालिग बालिकाओं को आत्मरक्षा में सक्षम करने हेतु सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

सेल्फ डिफेंस स्पोर्ट्स सोसायटी द्वारा शांति नगर के हनुमान पार्क में दो दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में बच्चों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। शिविर के दौरान अंतरराष्ट्रीय सेल्फ डिफेंस कोच रोहतास कुमार ने बच्चों को आत्मरक्षा की सरल तकनीक से रूबरू करवाया। इसके साथ ही बच्चों को इन तकनीक का अभ्यास भी करवाया गया।

सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत समाजसेवी ममता ने की। उन्होंने कहा कि बेटी को चांद जैसा मत बनाओ कि हर कोई घूर-घूरकर देखे। बेटी को सूरज जैसा बनाओ ताकि घूरने से पहले सबकी नजर झुक जाए। ममता ने बताया कि ग्रामीण इलाकों की महिलाओं को भी सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देकर आत्मरक्षा के लिए तैयार किया जाना चाहिए। हरियाणा के गांवों की महिलाएं और बालिकाएं भी झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की तरह विषम परिस्थितियों में दुश्मनों से लडकर अपने मान-सम्मान की रक्षा कर सकेंगी। कोच रोहतास कुमार ने कहा कि स्कूल की बच्चियों के साथ छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न के मामले अक्सर सामने आते हैं। आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बेटियां इस तरह के घटनाक्रम से स्वयं की रक्षा कर सकती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जिले के सभी पोलिंग स्टेशन है सुविधाओं से परिपूर्ण: उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए कहा कि शनिवार को होने वाले विधानसभा के चुनाव को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सभी मतदान केंद्रो पर मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है जिनका लाभ मतदाताओं को निश्चित रूप से मिलेगा।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केंद्र ग्राउंड फलोर पर बनायें गए है ताकि किसी को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मतदान केंद्रो पर रैंप की सुविधा भी उपलब्ध है।

उपायुक्त ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों व गर्भवती महिलाओं के लिए चुनाव के दौरान बैठने की विशेष सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। सभी पोलिंग स्टेशनों पर रोशनी, बिजली की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। सभी पालिंग स्टेशनों पर मैडिकल किट की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

उपायुक्त ने बताया कि सभी पोलिंग स्टेशनों पर पीने का शुद्व पानी उपलब्ध होगा। मतदान हेतु सभी केंद्रो पर मार्ग दर्शन के लिए उचित संकेत की व्यवस्था की गई है। मतदान करने के लिए पहुंचने वाले व्यक्तियों के लिए शौचालय की विशेष व्यवस्था का ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी वोटर हैल्पलाइन नम्बर 1950 का भी मतदाता सहयोग ले सकते है। उन्होंने सभी मतदाताओं से मतदान प्रतिशत बढ़ाने का आहवान किया।

### विधानसभा चुनाव में चार तरह के बनायें गए पोलिंग स्टेशन: उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा के आम चुनाव में भारतीय चुनाव आयोग के निर्देश पर चार तरह के पोलिंग स्टेशन बनायें गए है इनमें पिंक बूथ, ग्रीन पोलिंग बूथ, डिसेबलिटी पोलिंग स्टेशन और आदर्श पोलिंग स्टेशन प्रमुख है।

उपायुक्त ने बताया कि पोलिंग स्टेशन की इस कड़ी में पानीपत की शहरी विधानसभा क्षेत्र के लिए बूथ नम्बर 42-43 आर्य कॉलेज में दो पिंक बूथ बनाये गये है जबकि बूथ नम्बर 120 शिवाजी स्टेडियम में ग्रीन बूथ व बूथ नम्बर 131 एसडी कालेज में पीडब्लयूडी पर्सन और डिसेबलिटी के लिए व डाईट में बूथ नम्बर 46-47 आदर्श पोलिंग स्टेशन बनायें गए है।

### महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड ने महिंद्रा ZEO’ 4W SCV लॉन्च की

**गुरुग्राम।** भारत की नंबर 1 इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर कंपनी महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड ने महिंद्रा`एड के आधिकारिक लॉन्च की घोषणा की, जो एक क्रांतिकारी नया इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर है। `एड'नाम का मतलब है "शून्य उत्सर्जन विकल्प", जो इलेक्ट्रिक वाहन के पर्यावरणीय लाभों को दर्शाता है। यह टछटटछ के मिशन से मेल खाता है: अंतिम मील के परिवहन को विद्युतीकृत करना और ग्राहकों को उनके जीवन में समृद्ध बनाने में मदद करना। दो वेरिएंट में उपलब्ध, महिंद्रा`एड को खास तौर पर शहरी लॉजिस्टिक्स की उभरती मांगों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। MLMML ने महिंद्रा`एड की कीमत बेहद आकर्षक रखी है, जिसकी शुरूआती कीमत 7.52 लाख है। डीजल रउश की तुलना में, महिंद्रा`एड के साथ ग्राहक सात साल में 7 लाख तक की बचत कर सकते हैं। महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी की प्रबंध निदेशक और सीईओ सुश्री सुमन मिश्रा ने कहा, "महिंद्रा`एड नवीनतम तकनीकों, विश्वसनीय उत्पादों और एकीकृत समाधानों के साथ अंतिम मील इकोसिस्टम को फिर से परिभाषित करने के हमारे सिद्धांतों का एक आदर्श प्रमाण है। हमें विश्वास है कि महिंद्रा`एड वाणिज्यिक ‹2 टी सेगमेंट में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी लाने में मदद करेगा।" महिंद्रा`एड को एक कुशल उच्च-वोल्टेज 300+ श आर्किटेक्चर पर बनाया गया है जो बेहतर ऊर्जा दक्षता, उच्च रेंज और तेज चार्जिंग समय देता है। महिंद्रा`एड की वास्तविक ड्राइविंग रेंज 160 किलोमीटर है। रीजेनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम द्वारा इसे और बढ़ाया जाता है जो रेंज को बढ़ाने में मदद करता है।

## चुनाव के दृष्टिद्दगत सभी तरह की मार्केट को बंद करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

आज होने वाले विधानसभा चुनाव के दृष्टिद्दगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला की सभी इंडस्ट्रीज, फैक्टरी और सभी तरह की मार्केट को बंद करने के निर्देश दिए हैं

ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा मतदान में हिस्सा ले सकें। उन्होंने इसको लेकर निगम के संयुक्त आयुक्त, हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी जीएम डीआईसी और श्रम विभाग के सहायक श्रमायुक्त को निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं।

# कटला रामलीला में श्रीराम जन्म, ताडका वध व अहिल्या उद्धार का किया मंचन

**रामलीला**

**- कटला रामलीला में श्रीराम के जन्म का प्रसंग देखकर पूरा पंडाल हो गया श्रीराममय**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हिसार के पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में कटला रामलीला के दूसरे दिन श्रीराम जन्म, महर्षि विश्वामित्र आगमन, ताडका वध, मारीच-सुबाहु वध एवं अहिल्या उद्धार प्रसंग का मंचन किया गया। श्रीराम जन्म का प्रसंग देखकर दर्शकगण पुलकित हो उठे पूरा मैदान जय श्रीराम के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। खास बात यह रही कि जहां श्रीराम जन्म के प्रसंग से सब भावविभोर हो गए, वहीं अहिल्या उद्धार देखकर सभी भक्ति भाव में डूब गए।




कटला रामलीला में दूसरे दिन मुख्यातिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सावित्री जिंदल ने पूरे विधि-विधान व पूजा के साथ शुरूआत की। इस दौरान गोभक्त व समाजसेवी सतप्रकाश राजलीवाला, शकुंतला राजलीवाला, उद्योगपति राजकुमार गुप्ता, बंटी डालडा, डॉ. डी. पी. शरण, प्रवीण जैन, अश्वनी गर्ग, वीरभान बंसल, सज्जन गुप्ता, विनोद गुप्ता व संजय गर्ग अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस दौरान कटला रामलीला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया, महामंत्री राजेश बंसल, कोषाध्यक्ष रमेश लोहिया, उपप्रधान कुलप्रकाश गोयल बंटी, सह सचिव विनय जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र बंसल (नेताजी), रामनिवास परसा, दिनेश जैन, राधेश्याम अग्रवाल, प्रवीण बंसल व मंजुल गोयल उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी कटला के सभी कॉलेजियम हेड, सदस्यगण विशेष रूप से मौजूद रहे।

कटला रामलीला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया, महामंत्री राजेश बंसल व कोषाध्यक्ष रमेश कुमार लोहिया ने संयुक्त रूप से बताया कि रासाचार्य अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ. स्वामी देवकीनंदन महाराज के निर्देशन में वृंदावन के कलाकारों ने श्रीराम जन्म प्रसंग को जीवंत करके खूब तालियां बटोरी। इसके साथ ही महर्षि विश्वामित्र आगमन प्रसंग के दौरान संवाद सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। ताडका वध के दौरान पूरा मैदान तालियां बजाने के लिए मजबूर हो गया। मारीच-सुबाहु वध भी दर्शनीय रहा। इसके साथ ही अहिल्या उद्धार की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस दृश्य को उपस्थित दर्शक वर्षों तक नहीं भूल पाएंगे।

उन्होंने बताया कि 5 अक्टूबर को श्रीराम बारात, श्रीराम विवाह एवं दानवीर कर्ण चरित्र देखने का अवसर मिलेगा।

# 6 अक्टूबर को ऊर्जा चक्रों के विज्ञान पर आधारित होगा ध्यान सत्र

**टीम एक्शन इंडिया/रहिसार**

सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में 6 अक्टूबर को ऊर्जा चक्रों के विज्ञान पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र में साधकों को ऊर्जा चक्रों की विस्तृत जानकारी देते हुए उनका महत्व समझाया जाएगा। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि ऊर्जा चक्रों को समझते हुए भक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सतगुरु ओशो ने ऊर्जा चक्रों की विस्तृत व्याख्या की है और



साधकों को बड़े सरल ढंग से समझाया है। उन्होंने कहा कि 6 अक्टूबर के ध्यान सत्र में साधकों को संत ओशो के संचित प्रवचन सुनने का भी अवसर मिलेगा। इसके साथ ही गीत-संगीत की सुर लहरियों पर झूमते व नृत्य करते हुए अलग ही अनुभूति का एहसास करवाया जाएगा।

स्वामी संजय ने बताया कि सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन साधकों की भलाई के लिए हर समय तत्पर है। यहां आयोजित किए जाने वाले ध्यान सत्र व ध्यान शिविरों में हिस्सा लेकर साधक न केवल तनाव रहित हो जाते है। ।बल्कि उनमें नई ऊर्जा का संचार हो जाता है। उन्होंने बताया कि यहां समय-समय पर विभिन्न उत्सव व विशेष दिवस भी धूमधाम से मनाए जाते हैं।

## राया में मिला अज्ञात महिला का शव

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

चौकी विचपुरी क्षेत्र के अंतर्गत गांव भूड़री के समीप मछली पालन केंद्र के समीप झाड़ियों में सुबह अज्ञात महिला का शव मिला है। शव की सूचना पर घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका की शिनाख्त के प्रयास कर शव मोर्चरी भेज दिया। मृतक महिला की उम्र लगभग 27 वर्ष है। मृतक महिला के चेहरे एवं कमर पर चोट के निशान है।

आशंका जताई जा रही है कि महिला से दुष्कर्म कर हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। एसपी देहात त्रिगुन विसेन, क्षेत्राधिकारी महावन भूषण वर्मा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर किये गए है पुख्ता इंतजाम



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने विधानसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को आर्य स्कूल, कॉलेज परिसर से जिला पुलिस, होमगार्ड व अर्धसैनिक बल के जवानों को उचित दिशा निर्देश देकर पोलिग पार्टी के साथ रवाना किया।

एसपी लोकेंद्र सिंह ने इस दौरान पुलिस, होमगार्ड व अर्धसेनिक बल के जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न करवाना पुलिस की नैतिक जिम्मेदारी है। स्ट्रोग रूम से पोलिंग पार्टी के साथ उपलब्ध करवाए गए वाहनों में सुरक्षित तरीके से इवीएम मशीनों को बूथ तक लेकर जाएं। जब तक ईवीएम मशीन वापिस स्ट्रोग रूम ने सुरक्षित रूप से जमा नही हो जाती अपनी ड्यूटी को सर्तक्ता से करें।

ड्यूटी के दौरान सभी पुलिसकर्मी सरकारी वाहन का ही प्रयोग करेंगे। बूथ पर अति सुझबूझ के साथ कर्तव्य पालना दौरान नम्र व्यवहार करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष मतदान संपन्न करवाएं। कोई भी कर्मचारी रात के समय बूथ नहीं छोड़ेगा। इस दौरान उनकी समय-समय पर अधिकारियों द्वारा चेकिंग की जाएगी।

गश्त पार्टी चुनाव के दौरान बूथ परिसर के आसपास के क्षेत्र में पैनी नजर बनाए रखे और बूथ परिसर के आसपास अनावश्यक रुप से कोई वाहन खड़ा ना होने दे और पोलिंग स्टेशन गेट के अंदर तथा बाहर अनावश्यक भीड इकट्ठी ना होने दे। लापरवाही को किसी भी रूप में सहन नही किया जाएगा और कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि पानीपत जिला के चार विधानसभा क्षेत्र में 454 लोकेशन स्थित 912 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। सभी बूथों पर प्रयाप्त सख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

# जाना था गंगा पार मगर केवट की नाव चली: हरीश चन्द्र आजाद

**राम बनवास**

**धार्मिक लीला कमेटी के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि मंच पर राम बनवास दिखाया गया।**

**फरीदाबाद**

श्री धार्मिक लीला कमेटी के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि कल रात मंच पर राम बनवास दिखाया गया। सबसे पहले दृश्य में राम को राजतिलक की घोषणा गुरू वशिष्ठ करते हैं जिसको सुनकर मंथरा केकई को भडकाने चली जाती है। मंथरा बने मुनीष रोहिला ने बेहतरीन अभिनय किया और पहली बार किसी मंच पर मंथरा के लिये दर्शकों ने इतनी



तालियाँ बजाई।

अगले दृश्य में केकई कौप भवन में त्रिया चरित्र जाल बिछाती है और राजा दशरथ केकई को दिये अपने दो वचनों के दबाव में आकर राम को चौदह वर्षों का बनवास व भरत के राजतिलक की बात मान जाते हैं और राम व लक्ष्मन माता सीता सहित चौदह वर्षों के लिये वनों को चले जाते हैं जिनके वियोग के राजा दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं। पहली बार केकई का किरदार निभा रही रिया खरबंदा ने अदभुत कला दिखाई जिसको देखकर दर्शक तालियाँ बजाने से खुद को न रोक सके तो इसी तरह दशरथ का अभिनय कर रहे पंकज खरबंदा ने अपने रामलीला के 25 वर्षों के अनुभव की छाप दर्शकों पर छोड़ी।

अंतिम दृश्य में केवट राम, लक्ष्मन व सीता को गंगा पार करवाते हुए गीत गाते हैं जाना था गंगा पार मगर केवट की नाव चली। केवट का किरदार निभा रहे रामलीला के सबसे अनुभवी कलाकार अनिल नागपाल ने चमतकारी अभिनय किया तो राम का किरदार निभा रहे जितेश गेरा, लक्ष्मन का रोल कर रहे राजू खरबंदा व सीता के अभिनय में रिद्धी खरबंदा ने अपनी कला की छाप छोड़ी।

# कांग्रेस प्रत्याशी चंद्र प्रकाश की जीत देखकर आदमपुर में विरोधियों के हौसले पस्त

**जनसंपर्क अभियान**

**चंद्र प्रकाश जलपान व चाय कार्यक्रमों में शिरकत करके कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवा रहे हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

आदमपुर से कांग्रेस के उम्मीदवार चंद्र प्रकाश ने बहुआयामी जनसंपर्क अभियान चलाकर विरोधियों के हौसले पस्त कर दिए हैं। दरअसल अपने साथियों व समर्थकों के साथ स्वयं चंद्र प्रकाश जलपान व चाय कार्यक्रमों में शिरकत करके आदमपुरवासियों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवा रहे हैं। चंद्र प्रकाश के बेटे, चचेरे भाई व परिवार के तमाम सदस्य आदमपुर हलके के अलग-अलग क्षेत्रों में जनसंपर्क बढ़ा रहे हैं। इसी भांति वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष गोदारा कुक्की, प्रदीप बेनीवाल, पूर्व विधायक कुलबीर बेनीवाल, सुखबीर डुड्डी, रेणु चहल, भूपेंद्र कासनिया, हंसराज जाजूदा, सोमवीर लांबा, सतीश मित्तल, राजेंद्र सूरा, कर्ण सिंह रानोलिया, कालू पंडित, रामप्रसाद गढ़वाल व भागीरथ नंबरदार सहित कई दिग्गज जनता को कांग्रेस से जोड़ने में विशेष भूमिका निभा रहे हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी चंद्र प्रकाश ने जनसंपर्क अभियान व जलपान कार्यक्रमों के दौरान कहा कि पूरे हरियाणा सहित आदमपुर में कांग्रेस की लहर है। इस लहर के चलते और कांग्रेस की स्पष्ट जीतकर देखकर आदमपुर में विरोधी बौखला गए हैं और उनके हौसले पस्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि विरोधियों को यह समझ नहीं आ रहा कि किस मुंह से जनता से वोट मांगें। सेवानिवृत्त आईएएस चंद्र प्रकाश ने कहा कि पिछले दस वर्षों में आदमपुर में विकास के नाम पर केवल झूठे दावे किए गए हैं। वास्तव में जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रही है। उन्होंने कहा कि लचर सीवर व्यवस्था, टूटी-फूटी सडकें, जर्जर गलियां, बेसहारा पशुओं का जमावड़ा, दूषित पेयजल आपूर्ति व कूड़े के ढेर आदमपुर की पहचान बन गए हैं। उन्होंने कहा कि 8 अक्टूबर को कांग्रेस सरकार का गठन होते ही इन समस्याओं का तुरंत प्रभाव से निदान किया जाएगा। इतना ही नहीं चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मुख्यमंत्री बनते ही आदमपुर में विकास कार्य शुरू हो जाएंगे।

चंद्र प्रकाश ने कहा कि भूतपूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उन्हें 36 बिरादरी का नुमाइंदा बनाकर आदमपुर से उम्मीदवार बनाया है। इसलिए वे 36 बिरादरी के हित के लिए जी-जान से काम करेंगे और भाईचारा बढ़ाते हुए समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# विधानसभा चुनाव में पोलिंग पार्टियां अपने दायित्व का करें निर्वहन: दहिया

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

विधानसभा 2024 के आम चुनाव की तैयारियों को लेकर अंतिम दिन उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को आर्य महाविद्यालय में चारों विधानसभा क्षेत्रों के पोलिंग पार्टियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव में डयूटी देने वाले अधिकारी व कर्मचारी लोकतंत्र के बहादुर सिपाही हैं,उन्हें पूर्ण विश्वास है कि वे डयूटी में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि वे चनुाव के इस पर्व में लोकतंत्र को मजबूत बनायेंगे और



चुनावी डयूटी को ईमानदारी पूर्वक निभायेंगे। उन्हें भारत चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई गाईड लाइन को ध्यान में रखकर डयूटी करनी होगी।

उपायुक्त ने कहा कि पूरा प्रशासन डयूटी वाले अधिकारियों के साथ है। चुनाव में किसी भी तरह की कोई बात होती है तो उसका समाधान एक कॉल पर किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि वे उन्हें एक मैसेज के जरियें सूचित कर सकते है उसके बाद पूर्ण रूप से कार्यवाही की जाएगी।

उपायुक्त ने डयूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को विश्वास दिलाया कि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शितापूर्वक कराने को लेकर पूरी तरह से तैयार है। 5 अक्टूबर को सभी पोलिंग पार्टियां अपनी डयूटी को निष्ठद्दतापूर्वक निभायेंगी व इस चुनाव को पर्व की तरह मनायेंगी।

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

# स्वागत है

## म्हारा हरियाणा, म्हारा वोट!

## 5 अक्टूबर शनिवार

## आइए, मतदान केन्द्र पर पहुँचें और लोकतंत्र का पर्व मनाएं।



**मतदान केंद्रों पर मतदान करना हुआ और भी आसान**

- रैंप और व्हीलचेयर
- विशेष स्वयंसेवक
- पीने का पानी
- ब्रेल लिपि वाली ईवीएम
- दिशा सूचक
- दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए परिवहन सुविधा
- सुलभ शौचालय
- दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों एवं महिलाओं के लिए अलग कतारें

CBC 52101/13/0056/2425

चुनाव संबंधी किसी भी जानकारी के लिए : **www.eci.gov.in** पर जाएं

**QR कोड स्कैन करें, विधानसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ लें।**
और सोशल मीडिया पर **#Ivoteforsure** का प्रयोग करके शेयर करें।

मतदाता हेल्पलाइन पर कॉल करें **1950**

**मतदाता सूची में अपना नाम जांचने** के लिए QR कोड को स्कैन करें।

fb.com/ECI | @ecisveep | youtube.com/eci | /company/election-commission-of-india-official | @ecisveep | Election Commission of India